Digitized by eGangotri

Trikona Miti.

॥ त्रिकोणमिति ॥

Trikona Miti

486

old No: 480

Vasadeva

जो पण्डित बापूदेव जी ने संस्कृत में बनाई है

उसका उल्था

काशिक पाठशाला के

वेणीशङ्कर नामक एक विद्यार्थी ने

हिन्दी में किया

Hindi
Ganita Sastra
No: 7

M. H. Pub.
1859

स्कैन्ड/Scanned

॥ बनारस ॥

मेडिकल हाल के छापे ख़ाने में जे० जे० माइकल के इहतमाम में छापी गई ॥

॥ सन १८५९ ईसवी ॥

त्रिकोणमिति में
पहिले एक
पातल में

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri
6385

Price -/4/-

स्कैन्ड/Scanned

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

प्रणिपत्य गणाधिपतिं श्रीबापूदेवनामकं स्वगुरुम् ॥
तद्रचितत्र्यस्रमितेरनुवादं देशभाषया कुर्वे ॥ १ ॥

॥ अथ त्रिकोणमितिः ॥

॥ अध्यायः १ ॥

॥ परिभाषाः ॥

प्रक्रम (१) त्रिकोण के तीन भुज और उतने ही कोण मिलके छ अवयव होते हैं उन सभों का बोध जिस ग्रन्थ से हो उसे त्रिकोणमिति कहते हैं उस में कोणों के गुणों का अच्छी भांति ज्ञान होने से कोणों का भुजों से जो सम्बन्ध है उसका और भुजों का भी अच्छी भांति बोध होता है इस लिये यहां मुख्यत्व करके कोणों के गुणों का वर्णन करते हैं ॥

(२) जो दो रेखा एक अन्त पर आपस में मिली हुई हैं उन की परस्पर झोंक को क्षेत्रमिति में कोण कहते हैं परन्तु त्रिकोणमिति में उन रेखाओं को परस्पर मिले हुए अन्त पर दृढ़ बांध पहिले एक रेखा को दूसरी पर धर उस धरी हुई रेखा को एक ही धरातल में

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

चिन्हों को लिखते हैं जैसा पचीस अंश चालीस कला और छप्पन विकला इन के जताने के लिये १५° ४०′ ५६″ यों लिखते हैं ॥

(४) जो किसी एक कोण करके उस के सामने का चाप मिले तो किसी और कोण करके उस के सामने का चाप मिलेगा यह अनुपात क्षेत्रमिति के छठवें अध्याय में ३३वीं प्रतिज्ञा है उस से यह अर्थ निकलता है कि

(१) कोण और उस के सामने जो चाप है इन दोनों की अंश आदि संख्या समान ही होती है । और

(२) निर्दिष्ट चाप की लम्बाई से उस चाप के सामने केन्द्र में लगे हुए कोण के अंश आदि की संख्या जान सकते हैं ॥

(५) (द्वितीय प्रक्रम में लिखे हुए क्षेत्र को देखो) क अ रेखा से ले क व रेखा को घुमाने से उत्पन्न हुआ अकब कोण जब एक सम कोण से न्यून रहता है तब वह पहिले सम कोण का कोण कहाता है और उस के सामने का चाप पहिले पद का चाप कहाता है जब वह कोण एक सम कोण से अधिक हो और दो सम कोण से न्यून हो तब वह दूसरे सम कोण का पद कहाता है और उस के सामने का चाप दूसरे पद का चाप कहाता है । यों आगे भी जान लेना ॥

(६) कअ आधार रेखा से ले कब रेखा ज्यों २ सीधी घूमती है त्यों २ अकब कोण बढ़ता है इस लिये वह रेखा ज्यों २ विलोम अर्थात् उलटी घूमे त्यों २ अकब कोण घटेगा यह अत्यन्त स्पष्ट है इसी लिये अकच इस चौथे सम कोण के भीतर रहनेहारा अकब कोण ऋण होता है क्योंकि कब रेखा के उलटे घूमने से वह कोण बनता है ॥ इसी लिये उस कोण के सामने का अब चाप भी ऋण होता है ॥

(७) जिस किसी चाप वा कोण से पद वा सम कोण जितना अधिक

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

हो उतना उस चाप वा कोण की कोटि कहाती है जैसा (२ प्र० चे० देखो) अब चाप की वा अकब कोण की बग चाप वा बकग कोण कोटि है इस लिये चाप और कोण इन दोनों के हर एक अंश आदि मान को (९०°) नब्बे में घटा देने से जो शेष बचे सो उन दोनों की कोटि होती है। जैसा २३° १५′ ४५″ इस की कोटि ६६° ४४′ १५″ है ॥

अनुमान १ जो चाप वा कोण नब्बे से अधिक हो उस की कोटि ऋण होती है ॥

अनु० (२) जात्य त्र्यस्र में लघु कोणों का योग ९०° होता है इस लिये उन दोनों में एक दूसरे की कोटि होती है ॥

(८) किसी चाप वा कोण से परिधि का आधा वा दो सम कोण जितना अधिक हो उतना उस चाप वा कोण का स्पर्द्धी कहाता है जैसा २ (प्र०) चेत्र को देखो ॥

अब चाप वा अकब कोण का बघ चाप वा बकघ कोण स्पर्द्धी है इस लिये चाप और कोण के जो हर एक अंशादि मान हैं उन दोनों को १८०° में अलग २ घटा देने से जो शेष रहता है वह क्रम से स्पर्द्धिचाप और स्पर्द्धिकोण है ॥

जैसा ५५° ३५′ ४०″ इस का स्पर्द्धी = १२४° २४′ २०″ ॥

अनु० (१) जो चाप वा कोण १८०° से अधिक हो उस का स्पर्द्धी ऋण होता है ॥

अनु० (२) हर एक त्रिभुज में तीन कोणों का योग दो सम कोण के समान होता है इस लिये त्रिभुज में किसी एक कोण का स्पर्द्धी और दो कोणों के योग के समान होता है ॥

(९) अब चाप और कोण के सम्बन्धी कितने एक पदार्थ कहते हैं। उन में चाप से सम्बन्ध रखनेहारे जो पदार्थ हैं वे चापीय कहाते

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

दूसरा क्षेत्र



CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

हैं । और कोण से जो सम्बन्ध रखते हैं वे कोणीय कहाते हैं । जैसा

(१) चाप के एक अन्त से व्यास करके दूसरे अन्त से उस व्यास पर जो लम्ब हो सो उस चाप की ज्या कहाती है । जैसा, मानो कि कद आधार रेखा है जिस का मूल क बिन्दु है उस बिन्दु को केन्द्र मानके अक दृष्ट व्यासार्ध से अगघच वृत्त करके अघ, गच, व्यास परस्पर लम्बरूप खींचना तब जो अ ब एक दृष्ट चाप हो जिस का एक अग्र अ बिन्दु में और दूसरा चारो पदों में से किसी एक के अन्तर्गत अर्थात् मध्य में पड़े तो अघ व्यास पर लम्बरूप जो बमा सो उस चाप की ज्या होगी ॥ दूसरा क्षेत्र ॥

(२) कोण को उत्पन्न करनेहारी दो रेखाओं में एक रेखा के किसी दृष्ट बिन्दु से दूसरी रेखा पर किए हुए लम्ब के लिए दृष्ट बिन्दु और कोण बिन्दु इन के अन्तर का जो गुण होगा सो उस कोण की ज्या कहाती है ॥

जैसा अकब कोण को उत्पन्न करनेहारी कद और कसा रेखा हैं और इन में कसा रेखा के ब बिन्दु से कद रेखा पर बमा लम्ब किया है तो अकब कोण की ज्या $\frac{\text{बमा}}{\text{कब}}$ होगी । और जो सा बिन्दु से साअ लम्ब किया हो तो उस चाप की ज्या $\frac{\text{साअ}}{\text{कसा}}$ होगी यह पूर्व ज्या के समान ही है ॥

(३) चाप के एक अग्र से किए हुए व्यास पर जो लम्बरूप दूसरा व्यास होगा उस पर चाप के दूसरे अग्र से किया हुआ लम्ब उस चाप की कोटिज्या कहाती है अर्थात् वह उस चाप के कोटि की ज्या है यह ज्या का मूल और केन्द्र इन के बीच के समान है । जैसा अब चाप की बम वा कमा कोटिज्या है ॥

(४) कोण को उत्पन्न करनेहारी दो रेखाओं में एक रेखा के किसी दृष्ट बिन्दु से दूसरी पर जहां लम्ब गिरे उस स्थान के और कोण

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

बिन्दु के अन्तर के लिये दृष्ट बिन्दु और कोण बिन्दु के अन्तर का जो गुण होगा सो उस कोण की कोटिज्या कहाती है ॥

जैसा अकब कोण की कोटिज्या $= \frac{\text{क मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{क अ}}{\text{क सा}}$ ॥

(५) चाप के एक अग्र को स्पर्श करके निकली हुई रेखा स्पर्श-स्थान से केन्द्र और चाप का दूसरा अग्र होके गई हुई रेखा तक जितनी हो सो उस चाप की स्पर्श रेखा कहाती है ॥

जैसा अब चाप की असा स्पर्शरेखा है ॥

(६) कोण को बनानेहारी दो रेखाओं में एक के किसी दृष्ट बिन्दु से दूसरी पर किए हुए लम्ब के लिये कोण बिन्दु और लम्बमूल इन के अन्तर का जो गुण होगा सो उस कोण की स्पर्शरेखा कहाती है। जैसा अकब कोण की स्पर्शरेखा $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क मा}} = \frac{\text{अ सा}}{\text{अ क}}$ ॥

(७) चाप के एक अग्र को पहिले पद का आदि मानके उस पद के अन्त में वृत्त को स्पर्श करके खींची हुई रेखा स्पर्श स्थान से केन्द्र और चाप का दूसरा अग्र होके गई हुई रेखा तक जितनी हो सो उस चाप की कोटिस्पर्शरेखा कहाती है । जैसा अब चाप की गस कोटिस्पर्शरेखा है ॥

(८) कोण की स्पर्शरेखा के अंश और हर को उलट देने से जो फल हो सो उस कोण की कोटिस्पर्शरेखा कहाती है ॥

जैसा ∵ अकब कोण की स्पर्शरेखा $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क मा}} = \frac{\text{अ सा}}{\text{अ क}}$ ॥

∴ अकब कोण की कोटिस्पर्शरेखा $= \frac{\text{क मा}}{\text{ब मा}} = \frac{\text{अ क}}{\text{अ सा}}$ ॥

(९) चाप के एक अग्र को स्पर्श करके निकली हुई रेखा तक केन्द्र से लेके चाप का दूसरा अग्र होके गई हुई रेखा जितनी हो सो उस

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

चाप की छेदनरेखा कहाती है । जैसा अब चाप की कसा छेदन-रेखा है ॥

(१०) कोण की कोटिज्या के अंश और हर को उलट देने से जो बनता है सो उस कोण की छेदनरेखा कहाती है ॥

जैसा ∵ अकबकोण की कोटिज्या $= \frac{\text{क मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{क अ}}{\text{क सा}}$

∴ छेदनरेखा $= \frac{\text{क ब}}{\text{क मा}} = \frac{\text{क सा}}{\text{क अ}}$ ॥

(११) चाप के एक अग्र को पहिले पद का आदि मानके उस पद के अन्त में वृत्त को स्पर्श करके खींची हुई रेखा तक केन्द्र से चाप का दूसरा अग्र होके गई हुई रेखा उस चाप की कोटिच्छेदनरेखा कहाती है । जैसा अब चाप की कम कोटिच्छेदनरेखा है ॥

(१२) कोण की ज्या के अंश और हर को उलट देने से जो बनता है सो उस कोण की कोटिच्छेदनरेखा कहाती है । जैसा ∵ अकब कोण की ज्या $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{क सा}}{\text{क मा}}$

∴ कोटिच्छेदनरेखा $= \frac{\text{क ब}}{\text{क मा}} = \frac{\text{क सा}}{\text{अ सा}}$

(१३) चाप का आदि और ज्या का मूल इन दोनों के बीच में जो व्यास का खण्ड है सो उस चाप की उत्क्रमज्या कहाती है । जैसा अब चाप की अ मा उत्क्रमज्या है ॥

(१४) कोण की कोटिज्या को एक में घटा देने से जो बनता है सो उस कोण की उत्क्रमज्या कहाती है ।

जैसा ∵ अकब कोण की कोटिज्या $= \frac{\text{क मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{क अ}}{\text{क सा}}$

∴ उत्क्रमज्या $= १ - \frac{\text{क मा}}{\text{क ब}} = १ - \frac{\text{क अ}}{\text{क सा}}$ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

(१५) चाप के एक अग्र को पहिले पद का आदि मानके उस पद का अन्त और कोटी का मूल इन के बीच में जो व्यास का खण्ड हो सो उस चाप की कोय्युत्क्रमज्या कहाती है । जैसा अब चाप की ग म कोय्युत्क्रमज्या है ॥

(१६) कोण की ज्या को एक में घटाने से जो शेष बचे सो उस कोण की कोय्युत्क्रमज्या है ।

जैसा ∵ अकब कोण की ज्या $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{अ सा}}{\text{क सा}}$

$\therefore$ कोय्युत्क्रमज्या $= १ - \frac{\text{ब मा}}{\text{क ब}} = १ - \frac{\text{अ सा}}{\text{क सा}}$

(१०) जो (अ) यह किसी चाप वा कोण का जनानेहारा हो तो इस की ज्या कोटिज्या आदि को क्रम से यों लिखते हैं जैसा ज्या अ । को ज्या अ। स्यअ । को स्यअ। छे अ। को छे अ। उअ। को उअ इसी लिये ज्या अ का वर्ग=(ज्या अ)^{२} । को ज्या अ इस का घन =(कोज्या अ)^{३} इत्यादि होंगे परन्तु यहां बहुत करके लाघव के लिये उन को ज्या^{२}अ । कोज्या^{३}अ इत्यादि ऐसा ही लिखते हैं यद्यपि किसी २ स्थान में ज्या^{२}अ इत्यादि का अर्थ दूसरा सोचा गया है ॥

(११) चापीय वा कोणीय ज्या कोटि ज्या इत्यादि किसी २ पद में वा सम कोण में ऋण होती हैं जैसा (९वें प्रक्रम में लिखे हुए क्षेत्र को देखो) ॥

अब चाप की बमा ज्या प्रथम और दूसरे पद में धन होती है परन्तु तीसरे और चौथे पद में उस की दिशा बदलने से ऋण होती है इस प्रकार से अकब कोण की भी ज्या प्रथम और दूसरे सम कोण में धन होती है किन्तु तीसरे और चौथे में लम्ब की दिशा बदलने से ऋण होती है ॥

इस प्रकार से हर एक पद वा सम कोण में ज्या कोटि ज्या इत्यादियों

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS, MoE

Digitized by eGangotri

का धनत्व और ऋणत्व का निश्चय करके उस का अच्छी भांति ज्ञान होने के लिये यह एक चक्र लिखते हैं ॥

पदाङ्क वा समकोणाङ्क

चापीय वा कोणीय पदार्थ	१	२	३	४
ज्या	+	+	—	—
कोटिज्या	+	—	—	+
स्पर्शरेखा	+	—	+	—
कोटिस्पर्शरेखा	+	—	+	—
छेदनरेखा	+	—	—	+
कोटिच्छेदनरेखा	+	+	—	—
उत्क्रमज्या	+	+	+	+
कोट्युत्क्रमज्या	+	+	+	+

क्षेत्र में छेदनरेखा और कोटिच्छेदनरेखा इन की दिशाओं का बदलना भली भांति देखने में नहीं आता इस लिये उन के धनत्व और ऋणत्व को जानने के लिये दूसरा यत्न करते हैं सो ऐसा

$$\because \text{कमा} : \text{कब} :: \text{कअ} : \text{कसा} = \frac{\text{कब} \times \text{कअ}}{\text{कमा}} = \frac{\text{त्रि}^{\circ}\ \text{त्रि}}{\text{कोज्या}} = \frac{\text{त्रि}^{२}}{\text{कोज्या}}$$

∴ जो अब चाप का द्योतक (अ) हो

$$\text{तो छेअ} = \frac{\text{त्रि}^{२}}{\text{कोज्या अ}}$$ । और ऐसा ही

$$\because \text{कम} : \text{कब} :: \text{कग} : \text{कस} = \frac{\text{कब} \times \text{कग}}{\text{कम}} = \frac{\text{त्रि}^{\circ}\ \text{त्रि}}{\text{ज्या}} = \frac{\text{त्रि}^{२}}{\text{ज्या}}$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$\therefore$ को छे अ $= \frac{त्रि^२}{ज्या\ अ}$ । ऐसा आगे भी जान लेना ॥

इस प्रकार से अकब कोण का द्योतक (अ) हो

तो छेअ $= \frac{क\ ब}{क\ मा} = \frac{१}{\frac{क\ मा}{क\ ब}} = \frac{१}{को\ ज्या\ अ}$

वैसा को छे अ $= \frac{क\ ब}{ब\ मा} = \frac{१}{\frac{ब मा}{क\ ब}} = \frac{१}{ज्या\ अ}$

इस से स्पष्ट जान पड़ता है कि चाप वा कोण की छेदनरेखा और कोटिच्छेदनरेखा का धनत्व और ऋणत्व क्रम से कोटिज्या और ज्या के धनत्व और ऋणत्व के नांई होता है ॥

(१२) हर एक सम कोण के आदि में कोणीय ज्या आदिकों का मान वा हर एक पाद के आदि में चापीय ज्या आदिकों का मान नववें प्रक्रम के चित्र को देखने से शीघ्र जान पड़ता है। तो भी हम बालों के बोध के लिये यहां लिखके दिखलाते हैं ॥

कोणीय वा चापीय पदार्थ	अ वा ०°	ग वा ९०°	घ वा १९०°	च वा २७०°
ज्या	०	१	०	—१
कोटिज्या	१	०	—१	०
स्पर्शरेखा	०	∞	०	∞
कोटिस्पर्शरेखा	∞	०	∞	०
छेदनरेखा	१	∞	—	∞
कोटिच्छेदनरेखा	∞	१	∞	—१
उत्क्रमज्या	०	१	२	१
कोट्युत्क्रमज्या	१	०	१	२

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS MoE

Digitized by eGangotri

इस चक्र में कब त्रिज्या को एक मानके चापीय ज्या आदिओं का मान लिखा है ॥

(१३) अब नववें प्रक्रम में जो परिभाषा लिखी हैं उन का अच्छी भांति बोध होने के लिये कोणीय ज्या आदिओं के कितने एक परस्पर सम्बन्ध दिखलाते हैं (नववें प्रक्रम के क्षेत्र को देखो) कल्पना करो कि, अ = ∠ अ क ब ॥ तो

(१) ज्याअ $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{ब मा} \div \text{ब मा}}{\text{क ब} \div \text{ब मा}} = \frac{१}{\text{को छे अ}}$

(२) कोज्या अ $= \frac{\text{क मा}}{\text{क ब}} = \frac{\text{क मा} \div \text{क मा}}{\text{क ब} \div \text{क मा}} = \frac{१}{\text{छे अ}}$

(३) स्प अ $= \frac{\text{ब मा}}{\text{क मा}} = \frac{\text{ब मा} \div \text{क ब}}{\text{क मा} \div \text{क ब}} = \frac{\text{ज्या अ}}{\text{को ज्या अ}}$

(४) कोस्प अ $= \frac{\text{क मा}}{\text{ब मा}} = \frac{\text{क मा} \div \text{क ब}}{\text{ब मा} \div \text{क ब}} = \frac{\text{को ज्या अ}}{\text{ज्या अ}}$

$$= \frac{१}{\frac{\text{ज्या अ}}{\text{को ज्या अ}}} = \frac{१}{\text{स्प अ}}$$

(५) छेअ $= \frac{\text{कब}}{\text{कमा}} = \frac{\text{कब} \div \text{कब}}{\text{कमा} \div \text{कब}} = \frac{१}{\text{कोज्याअ}}$

(६) कोछे अ $= \frac{\text{कब}}{\text{बमा}} = \frac{\text{कब} \div \text{कब}}{\text{बमा} \div \text{कब}} = \frac{१}{\text{ज्याअ}}$

(७) उअ $= १ -$ कोज्या अ $= १ - \frac{१}{\text{छेअ}}$

(८) कोउअ $= १ -$ ज्याअ $= १ - \frac{१}{\text{कोछे अ}}$

(९) $\text{ज्याअ}^{२} + \text{कोज्याअ}^{२} = \left(\frac{\text{बमा}}{\text{कब}}\right)^{२} + \left(\frac{\text{कमा}}{\text{कब}}\right)^{२}$

$$= \frac{\text{बमा}^{२} + \text{कमा}^{२}}{\text{कब}^{२}} = \frac{\text{कब}^{२}}{\text{कब}^{२}} = १$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$\therefore$ ज्या^{२}अ = १ — को ज्या^{२}अ । और, कोज्या^{२}अ = १ — ज्या^{२}अ,

(१४) अब कोणीय ज्या आदिओं का चापीय ज्या आदिओं से जो सम्बन्ध है सो दिखलाते हैं । जो (अ) कोण के सामने का चाप (आ) हो तो (नववें प्रक्रम में लिखे हुए क्षेत्र को देखना)

$$\frac{\text{ज्याआ}}{\text{त्रि}} = \frac{\text{बमा}}{\text{कब}} = \text{ज्याअ}$$

$\therefore$ ज्याआ = त्रि. ज्याअ । अब जो, त्रि = १

तो, ज्याआ = ज्याअ ऐसा ही औरों में भी जानना ।

इस से यह जाना जाता है कि कोणीय ज्या आदि एक त्रिज्या में चापीय होते हैं अनन्तर जो इष्ट त्रिज्या से गुण दें तो वे इष्ट व्यासार्ध में चापीय होते हैं ऐसा ही गुण विपर्यय करके चापीयों से कोणीय होते हैं ॥

(१५) अनु० किसी त्रिकोणमिति सम्बन्धी राशि वा समीकरण में जो कोणीय ज्या आदि हों उन को चापीय करने की इच्छा हो तो उन में इष्ट व्यासार्ध के तुल्य (त्रि) हर लगाने से वे चापीय होते हैं ॥

जैसा ज्या^{२}अ + कोज्या^{२}अ = १ इस में ज्या और कोटिज्या के स्थान में $\frac{\text{ज्या अ}}{\text{त्रि}}$ और $\frac{\text{कोज्या अ}}{\text{त्रि}}$ इन दोनों का उत्थापन करने से

$\left(\frac{\text{ज्याअ}}{\text{त्रि}}\right)^{२} + \left(\frac{\text{कोज्या अ}}{\text{त्रि}}\right)^{२} = १$ यों सिद्ध होता है ॥

$\therefore$ ज्या^{२}अ + कोज्या^{२}अ = त्रि^{२} इस समीकरण में ज्या और कोटिज्या चापीय सिद्ध हुई ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

तीसरा क्षेत्र



CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

॥ अध्याय २ ॥

इस अध्याय में कोणों के योग और अन्तर की ज्या आदिओं का साधन और उन का योग और अन्तर गुणनफल और भजनफल के मान और आधे अंशों की ज्या और उन की कोटिज्या का आनयन ज्या आदि के मानों की विचित्रता और निर्दिष्ट अंशों की ज्या और कोटिज्या का आनयन और कोणीय ज्या आदिओं की सारणी बनाने का प्रकार ये सब विषय दिखलाये हैं ॥

(१६) अब दो कोणों की ज्या और कोटि ज्या पर से उन दो कोणों के योग और अन्तर की ज्या और कोटि ज्या का साधन दिखलाते हैं ॥ तीसरा क्षेत्र ।

इस क्षेत्र में तकद बड़ा कोण = अ और दकध छोटा कोण = क इन दोनों का कोण बिन्दु क एक ही है इस लिये ∠ तकध = अ + क अब कध रेखा में कहीं ध बिन्दु करो और कद रेखा पर घट लम्ब उतारो और उसे अ बिन्दु तक ऐसा बढ़ाओ कि जिस में टअ = घट होवे। अब कअ रेखा को थ बिन्दु तक बढ़ाके कअ = कध, करो तो ∠ थकद = ∠ क होगा ॥

∴ ∠ तकथ = अ—क होता है। अब कद रेखा में से कध रेखा के समान कब रेखा को अलगाओ। और कत रेखा पर ध। ट। ब। अ। बिन्दुओं से घड। टन। बम। अग लम्ब करो और अ औ ट बिन्दुओं से टन। और घड रेखा पर अज और टच लम्ब करो तब घचट और टजअ ये दो त्रिभुज सब अंशों में समान होंगे ∴ घच = टज वैसा ही चट = जअ और कटन। कबम त्रिभुज ये सब परस्पर सजातीय हैं ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

और ज्याअ $= \frac{\text{बम}}{\text{कव}}$ । ज्याक $= \frac{\text{घट}}{\text{कघ}} = \frac{\text{घट}}{\text{कब}}$

कोज्याअ $= \frac{\text{कम}}{\text{कव}}$ । कोज्याक $= \frac{\text{कट}}{\text{कघ}} = \frac{\text{कट}}{\text{कब}}$

वैसा ही ज्या (अ + क) $= \frac{\text{घड}}{\text{कघ}} = \frac{\text{घड}}{\text{कब}}$

ज्या (अ—क) $= \frac{\text{अग}}{\text{कअ}} = \frac{\text{अग}}{\text{कब}}$

कोज्या (अ + क) $= \frac{\text{कड}}{\text{कघ}} = \frac{\text{कड}}{\text{कब}}$

कोज्या (अ—क) $= \frac{\text{कग}}{\text{कअ}} = \frac{\text{कग}}{\text{कब}}$

आगे घड = चड + घच = डन + घच

अग = टन — टज = टन — घच

कड = कन — डन = कन — चट

कग = कन + नग = कन + अज = कन + चट

अब सजातीय त्रिभुजों से $\frac{\text{टन}}{\text{कट}} = \frac{\text{बम}}{\text{कब}} = \frac{\text{चट}}{\text{घट}}$

टन $= \frac{\text{बम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}}$ वैसाही चट $= \frac{\text{बम} \cdot \text{घट}}{\text{कब}}$

$\frac{\text{घच}}{\text{घट}} = \frac{\text{कम}}{\text{कब}} = \frac{\text{कन}}{\text{कट}}$ ∴ घच $= \frac{\text{कम} \cdot \text{घट}}{\text{कब}}$ वैसा कन $=$ $\frac{\text{कम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}}$

∴ घड $= \frac{\text{बम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}} + \frac{\text{कम} \cdot \text{घट}}{\text{कब}}$ । वा $\frac{\text{घड}}{\text{कब}} = \frac{\text{बम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{कट}}{\text{कब}}$ $+ \frac{\text{कम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{घट}}{\text{कब}}$

अग $= \frac{\text{बम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}} - \frac{\text{कम} \cdot \text{घट}}{\text{कब}}$ । वा $\frac{\text{अग}}{\text{कब}} = \frac{\text{बम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{कट}}{\text{कब}} -$ $\frac{\text{कम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{घट}}{\text{कब}}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\text{कड} = \frac{\text{कम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}} - \frac{\text{वम} \cdot \text{घड}}{\text{कव}} \text{ । वा } \frac{\text{कड}}{\text{कब}} = \frac{\text{कम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{कट}}{\text{कब}} - \frac{\text{वम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{घट}}{\text{कब}}$$

और

$$\text{कग} = \frac{\text{कम} \cdot \text{कट}}{\text{कब}} + \frac{\text{वम} \cdot \text{घट}}{\text{कव}} \text{ । वा } \frac{\text{कग}}{\text{कब}} = \frac{\text{कम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{कट}}{\text{कब}} + \frac{\text{बम}}{\text{कब}} \cdot \frac{\text{घट}}{\text{कब}}$$

$\therefore$ ज्या (अ + क) = ज्या अ . कोज्या क + कोज्या अ . ज्या क (१)

ज्या (अ — क) = ज्या अ . कोज्या क — कोज्या अ . ज्या क (२)

कोज्या (अ + क) = कोज्या अ . कोज्या क — ज्या अ . ज्या क (३)

कोज्या (अ — क) = कोज्या अ . कोज्या क + ज्या अ . ज्या क (४)

यह प्रकार (क) कोण को (अ) कोण से छोटा मानके और (अ+क) कोण को समकोण से छोटा मानके दिखलाया परन्तु (अ) कोण से (क) कोण बड़ा हो और (अ + क) कोण समकोण से बड़ा हो तो भी उक्त प्रकार से दो कोण के योग और अन्तर कोज्या और कोटिज्या जो पहिले सिद्ध किई हैं वेही होती हैं ॥

(१७) अनु० १६वें प्रक्रम में दूसरे और चौथे समीकरण में जो (अ) कोण शून्य मानो तो उत्थापन से अर्थात् अ के स्थान में शून्य धरने से

ज्या (—क) = — ज्याक

और कोज्या (—क) = कोज्याक

इन दो समीकरणों से जान पड़ता है कि ऋण कोण की ज्या ऋण होती है और उसकी कोटिज्या धन होती है ॥

इसी लिये स्य (— क) = $\frac{\text{ज्या (—क)}}{\text{को ज्या (—क)}} = \frac{\text{— ज्या क}}{\text{को ज्या क}}$ = —स्यक

ऐसा ही कोस्य (— क) = कोस्य क । छे (— क) = छे क

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

को छे (—क) = — को छेक। उ (—क) = उ क। को उ (—क) = २ — कोउअ ॥

(१८) अनु० (१६वें) प्रक्रम के तीसरे और चौथे समीकरण में जो अ = १८०° हो ॥ तो

ज्या (१८०° —क) = ज्या १८०° × को ज्या क — को ज्या १८०° × ज्या क,
(१२वें प्रक्रम ० चेत्र को देखो), = ० × को ज्या क + १ × ज्या क
= ज्या क

और कोज्या (१८०° — क) = कोज्या १८०° × कोज्या क + ज्या १८०° × ज्या क = —१ × कोज्या क १८०° × ज्या० × ज्या क
= — को ज्या क

इस प्रकार से यह जाना जाता है कि किसी कोण की और उस करके रहित दो सम कोण की ज्या समान ही होती है और यों ही कोण करके रहित दो सम कोण की कोटिज्या और उस कोण की कोटिज्या तुल्य ही होती है परन्तु उन दोनों में केवल धनत्व और ऋणत्व का मात्र भेद रहता है ॥

इसी लिये स्प (१८०° —क) = $\frac{\text{ज्या (१८०° — क)}}{\text{को ज्या (१८०° —क)}}$ = $\frac{\text{ज्या क}}{\text{— को ज्या क}}$
= —स्प क

ऐसा ही कोस्प (१८०° —क) = — कोस्प क। छे (१८०° — क) = — छेक। को छे (१८०° — क) = को छे क। उ (१८०° — क) = २ — उ क। को उ (१८०° — क) = को उ क ॥

ऐसा ही ∵ ज्या (अ + क) = ज्या अ . कोज्या क + कोज्या अ . ज्या क
और, कोज्या (अ + क) = कोज्या अ. कोज्या क — ज्या अ. ज्याक
∴ जो अ = ९०° हो तो ज्या (९०° + क) = कोज्या क और कोज्या (९०° + क) = — ज्या क ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

और जो, अ = १८०° हो तो ज्या (१८०° + क) = ज्याक और कोज्या (१८०° + क) = — कोज्या क ॥

(१९) सोलहवें प्रक्रम में जो (१), (२), (३), (४) समीकरण हैं इन को यदि इष्ट त्रिज्या में चापीय करना हो तो (प्र० १५) की रीति से ॥

$$\frac{\text{ज्या}(\text{अ}+\text{क})}{\text{त्रि}} = \frac{\text{ज्याअ}}{\text{त्रि}} \cdot \frac{\text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} + \frac{\text{कोज्याअ}}{\text{त्रि}} \cdot \frac{\text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

$$\text{वा ज्या}(\text{अ}+\text{क}) = \frac{\text{ज्याअ} \cdot \text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} + \frac{\text{कोज्याअ} \cdot \text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

$$\text{ऐसा ही ज्या}(\text{अ}-\text{क}) = \frac{\text{ज्याअ} \cdot \text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} - \frac{\text{कोज्याअ} \cdot \text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

इसी लिये श्रीभास्कराचार्य जी ने सिद्धान्तशिरोमणि में कहा है कि

चापयोरिष्टयोर्दोर्ज्ये मिथःकोटिज्यकाहते ।
त्रिज्याभक्ते तयोरैक्यं तच्चापैक्यस्यदोर्ज्यका ।
चापान्तरस्य जीवा स्यात् तयोरन्तरसम्मिता ॥

$$\text{और } \frac{\text{कोज्या}(\text{अ}+\text{क})}{\text{त्रि}} = \frac{\text{कोज्याअ}}{\text{त्रि}} \cdot \frac{\text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} - \frac{\text{ज्याअ}}{\text{त्रि}} \cdot \frac{\text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

$$\text{वा कोज्या}(\text{अ}+\text{क}) = \frac{\text{कोज्याअ} \cdot \text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} - \frac{\text{ज्याअ} \cdot \text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

$$\text{ऐसा ही कोज्या}(\text{अ}-\text{क}) = \frac{\text{कोज्याअ} \cdot \text{कोज्याक}}{\text{त्रि}} + \frac{\text{ज्याअ} \cdot \text{ज्याक}}{\text{त्रि}}$$

इसी लिये कमलाकरने स्वरचित सिद्धान्ततत्त्वविवेक में स्पष्टाधिकार में ज्योत्पत्ति में कहा है ॥ कि

दोर्ज्ययोः कोटिमौर्व्योश्चघातौ त्रिज्योद्धृतौ तयोः ।
वियोगयोगौजीवेस्तश्चापैक्यान्तरकोटिजे ॥

(२०) अब जिस लिये

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoEC

Digitized by eGangotri

ज्या (अ + क) = ज्याअ. कोज्याक + कोज्याअ. ज्याक (१)

ज्या (अ—क) = ज्याअ. कोज्याक — कोज्याअ. ज्याक (२)

कोज्या (अ+क)= कोज्याअ. कोज्याक — ज्याअ. ज्याक (३)

कोज्या (अ—क)= कोज्याअ. कोज्याक + ज्याअ. ज्याक (४)

इस लिये (१), (२) इन दोनों के और (३), (४) इन दोनों के योग और अन्तर से ॥

ज्या (अ + क) + ज्या (अ — क) = २ ज्याअ. कोज्याक

ज्या (अ + क) — ज्या (अ — क) = २ कोज्याअ. ज्याक

कोज्या (अ + क) + कोज्या (अ—क) = २ कोज्याअ. कोज्याक

कोज्या (अ—क) — कोज्या (अ + क) = २ ज्याअ. ज्याक

अब (१) (२) इन दोनों का गुणन करने से

ज्या (अ+ क). ज्या (अ—क) = ज्या^{२}अ. कोज्या^{२}क — कोज्या^{२}अ. ज्या^{२}क

= ज्या^{२}अ (१ — ज्या^{२}क) — (१ — ज्या^{२}अ) ज्या^{२}क

= ज्या^{२}अ — ज्या^{२}अ. ज्या^{२}क — ज्या^{२}क + ज्या^{२}अ. ज्या^{२}क

ज्या^{२}अ — ज्या^{२}क = (ज्याअ + ज्याक) (ज्याअ — ज्याक)

वा = १ — ज्या^{२}अ — (१ — कोज्या^{२} क)

= कोज्या^{२}क - कोज्या^{२}अ = (कोज्याअ + कोज्याक) (कोज्याक - कोज्याअ)

ऐसा ही (३) (४) इन दोनों के गुणन फल से

कोज्या (अ. + क). कोज्या (अ — क)

= कोज्या^{२}अ. कोज्या^{२}क — ज्या^{२}अ. ज्या^{२}क

= (१ — ज्या^{२}अ) कोज्या^{२}क — ज्या^{२}अ (१ — कोज्या^{२}क)

= कोज्या^{२}क — ज्या^{२}अ. कोज्या^{२}क — ज्या^{२}अ + ज्या^{२}अ. कोज्या^{२}क

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= \text{कोज्या}^{२}\text{क} - \text{ज्या}^{२}\text{अ} = (\text{कोज्याक} + \text{ज्याअ})\,(\text{कोज्याक} - \text{ज्याअ})$$

$$= १ - \text{ज्या}^{२}\text{क} - १ + \text{कोज्या}^{२}\text{अ} = \text{कोज्या}^{२}\text{अ} - \text{ज्या}^{२}\text{क},$$

$$= (\text{कोज्याअ} + \text{ज्याक})\,.\,(\text{कोज्याअ} - \text{ज्याक})$$

अब (१) इस में (२) इस करके भाग लेने से

$$\frac{\text{ज्या}\,(\text{अ} + \text{क})}{\text{ज्या}\,(\text{अ} - \text{क})} = \frac{\text{ज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक} + \text{कोज्याअ}\,.\,\text{ज्याक}}{\text{ज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक} - \text{कोज्याअ}\,.\,\text{ज्याक}}$$

$$= \frac{\dfrac{\text{ज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक}}{\text{कोज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक}} + \dfrac{\text{कोज्याअ}\,.\,\text{ज्याक}}{\text{कोज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक}}}{\dfrac{\text{ज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक}}{\text{कोज्या}\,.\,\text{कोज्याक}} - \dfrac{\text{कोज्याअ}\,.\,\text{ज्याक}}{\text{कोज्याअ}\,.\,\text{कोज्याक}}}$$

$$= \frac{\dfrac{\text{ज्याअ}}{\text{कोज्याअ}} + \dfrac{\text{ज्याक}}{\text{कोज्याक}}}{\dfrac{\text{ज्याअ}}{\text{कोज्याअ}} - \dfrac{\text{ज्याक}}{\text{कोज्याक}}}$$

$$= \frac{\text{स्पअ} + \text{स्पक}}{\text{स्पअ} - \text{स्पक}}$$

$$\text{वा} = \frac{\text{कोस्पक} + \text{कोस्पअ}}{\text{कोस्पक} - \text{कोस्पअ}}$$

$$\text{वा} = \frac{१ + \text{स्पकोअ}\,.\,\text{स्पक}}{१ - \text{कोस्पअ}\,.\,\text{स्पक}}$$

$$= \frac{\text{स्पअ}.\,\text{कोस्पक} + १}{\text{स्पअ}.\,\text{कोस्पक} - १}$$

ऐसा ही $\dfrac{\text{कोज्या}\,(\text{अ} + \text{क})}{\text{कोज्या}\,(\text{अ} - \text{क})} = \dfrac{\text{कोज्याअ}.\,\text{कोज्याक} - \text{ज्याअ}.\,\text{ज्याक}}{-\text{कोज्याअ}.\,\text{कोज्याक} + \text{ज्याअ}\,.\,\text{ज्याक}}$

$$= \frac{\text{कोस्पअ} - \text{स्पक}}{\text{कोस्पअ} + \text{स्पक}}$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\text{वा} = \frac{\text{कोस्पक} - \text{स्पअ}}{\text{कोस्पक} + \text{स्पअ}} \quad \text{वा} = \frac{\text{कोस्पअ. कोस्पक} - १}{\text{कोस्पअ. कोस्पक} + १}\text{।}$$

अब (१) इस में (३) इस करके भाग लेने से

$$\frac{\text{ज्या}(\text{अ}+\text{क})}{\text{कोज्या}(\text{अ}+\text{क})} = \text{स्प}(\text{अ}+\text{क}) = \frac{\text{ज्याअ. कोज्याक} + \text{कोज्याअ. ज्याक}}{\text{कोज्याअ. कोज्याक} - \text{ज्याअ. ज्याक}}$$

$$= \frac{\text{स्पअ} + \text{स्पक}}{१ - \text{स्पअ. स्पक}} \quad \text{वा} = \frac{\text{कोस्पक} + \text{कोस्पअ}}{\text{कोस्पअ. कोस्पक} - १}$$

$$\text{वा} = \frac{१ + \text{कोस्पअ. स्पक}}{\text{कोस्पअ} - \text{स्पक}} \quad \text{वा} = \frac{\text{स्पअ. कोस्पक} + १}{\text{कोस्पक} - \text{स्पअ}}$$

इसी प्रकार से

$$\text{स्प}(\text{अ} - \text{क}) = \frac{\text{ज्याअ. कोज्याक} - \text{कोज्याअ. ज्याक}}{\text{कोज्याअ. कोज्याक} + \text{ज्याअ. ज्याक}}$$

$$= \frac{\text{स्पअ} - \text{स्पक}}{१ + \text{स्पअ. स्पक}}$$

इत्यादि अनेक रूप भेद होते हैं

(२१) कल्पना करो कि $\text{अ} = \text{प} + \text{फ}$ और $\text{क} = \text{प} - \text{फ}$

तब $\text{प} = \frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क})$ और $\text{फ} = \frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क})$

$$\therefore \text{ज्या अ} = \text{ज्या}(\text{प} + \text{फ}) = \text{ज्याप} \cdot \text{कोज्याफ} + \text{कोज्याप} \cdot \text{ज्याफ}$$

$$= \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क}) +$$

$$\text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) \cdot \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क}). \qquad (\text{आ})$$

ऐसा ही $\text{ज्याक} = \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क})$

$$- \text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क}) \qquad (\text{का})$$

$$\text{कोज्याअ} = \text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क})$$

$$- \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{ज्या}\frac{१}{२}(\text{अ} - \text{क}). \qquad (\text{गा})$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\text{कोज्या क} = \text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) +$$

$$\text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) \qquad (\text{घा})$$

२२ (आ) (का) इन दोनों के और (गा) (घा) इन दोनों के योग और अन्तर करने से ये समीकरण बनते हैं ।

$$\text{ज्याअ} + \text{ज्याक} = २ \text{ ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) \text{ कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) \ldots (\text{पा})$$

$$\text{ज्याअ} - \text{ज्याक} = २ \text{ कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) \ldots (\text{फा})$$

$$\text{कोज्याअ} + \text{कोज्याक} = २ \text{ कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) \quad (\text{बा})$$

$$\text{कोज्याक} - \text{कोज्याअ} = २ \text{ ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क}) \quad (\text{भा})$$

(१) (पा) इस में (फा) इस से भाग लेने से नीचे लिखा हुआ सिद्ध होता है ॥

$$\frac{\text{ज्या अ} + \text{ज्या क}}{\text{ज्या अ} - \text{ज्या क}} = \frac{२ \text{ ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})}{२ \text{ कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) . \text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})}$$

$$= \frac{\text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क})}{\text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क})} \times \frac{\text{कोज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})}{\text{ज्या } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})}$$

$$= \text{स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) \times \text{को स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})$$

$$= \text{स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क}) \times \frac{१}{\text{स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})}$$

$$= \frac{\text{स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}+\text{क})}{\text{स्प } \frac{१}{२}(\text{अ}-\text{क})},$$

(२) (बा) इस में (भा) इस से भाग लेने से

CC-0. In Public Domain. Indology. KS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\frac{\text{कोज्याक} + \text{कोज्याअ}}{\text{कोज्याक} - \text{कोज्याअ}} = \text{कोस}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोस}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})$$

(३). $\text{पा} \div \text{बा} = \dfrac{\text{ज्याअ} + \text{ज्याक}}{\text{कोज्याअ} + \text{कोज्याक}}$

$$= \frac{२\ \text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})}{२\ \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})} = \frac{\text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})}{\text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})}$$

$$= \text{स्प}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})$$

(४) $\text{फा} \div \text{भा} = \dfrac{\text{ज्याअ} - \text{ज्याक}}{\text{कोज्याक} - \text{कोज्याअ}}$

$$= \frac{२\ \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})}{२\ \text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क}) \cdot \text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})}$$

$$= \frac{\text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})}{\text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})} = \text{कोस}\ \frac{१}{२}\ (\text{अ} + \text{क})$$

(५) $\text{बा} \div \text{भा} = \dfrac{\text{ज्याअ} + \text{ज्याक}}{\text{कोज्या क} - \text{कोज्या अ}} = \text{कोस}\ \dfrac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})$

(६) $\text{पा} \div \text{बा} = \dfrac{\text{ज्याअ} - \text{ज्याक}}{\text{कोज्याअ} + \text{कोज्याक}} = \text{स्प}\ \dfrac{१}{२}\ (\text{अ} - \text{क})$

२३ जिस लिये ज्या (न + १) अ = ज्या (अ न + अ)

= ज्याअन. कोज्याअ + कोज्याअ न. ज्याअ

कोज्या (न + १) अ = कोज्या (अ न + अ)

= कोज्या अ न. कोज्याअ — ज्याअन. ज्याअ

∴ जो न = १, २, इत्यादि हो

तो (१) ज्या २ अ = २ ज्याअ. कोज्याअ

(२) कोज्या २ अ = कोज्या^{२} अ — ज्या^{२} अ

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

6385

Digitized by eGangotri

$= १ - २ \text{ ज्या}^{२}\text{अ} = २ \text{ कोज्या}^{२}\text{अ} - १$

(३) ज्या ३ अ = ज्या २ अ. कोज्या अ + कोज्या २ अ. ज्या अ

$= २ \text{ ज्या अ. कोज्या}^{२}\text{अ} + \text{कोज्या}^{२}\text{अ. ज्या अ} - \text{ज्या}^{३}\text{अ}$

$= ३ \text{ ज्या अ. कोज्या}^{२}\text{अ} - \text{ज्या}^{३}\text{अ}$

$= ३ \text{ ज्या अ} - ४ \text{ज्या}^{३}\text{अ}$

(४) कोज्या ३ अ = कोज्या २ अ. कोज्या अ — ज्या २ अ. ज्या अ

$= (२ \text{ कोज्या}^{२}\text{अ} - १) \text{ कोज्या अ} - २ \text{ ज्या}^{२}\text{अ. कोज्या अ}$

$= २ \text{ कोज्या}^{३}\text{अ} - \text{कोज्या अ} - २ \text{ कोज्या अ} + २ \text{ कोज्या}^{३}\text{अ}$

$= ४ \text{ कोज्या}^{३}\text{अ} - ३ \text{ कोज्या अ}$

इत्यादि अनेक रूप भेद होते हैं ॥

(२४) २३वें प्रक्रम में (२) इस से नीचे लिखे हुए दो समीकरण उत्पन्न होते हैं ॥ जैसा

$२ \text{ ज्या}^{२}\text{अ} = १ - \text{कोज्या २ अ} \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots$ (पा)

$२ \text{ कोज्या}^{२}\text{अ} = १ + \text{कोज्या २ अ}$ (फा)

(२५) अब आधे अंशों की ज्या और कोटिज्या के आनयन के लिये प्रकारान्तर दिखलाते हैं ॥

जिस लिये $१ = \text{कोज्या}^{२}\text{अ} + \text{ज्या}^{२}\text{अ}$ (१)

और ज्या २अ = २ ज्या अ. कोज्या अ (२)

$\therefore \; १ + \text{ज्या २ अ} = \text{कोज्या}^{२}\text{अ} + २ \text{ ज्या अ. कोज्या अ} + \text{ज्या}^{२}\text{अ}$

$= (\text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ})^{२}$

अन्तर करने से

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= (\text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ})^{२}$$

$$\therefore \text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ} = \pm \sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}}$$

$$\text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ} = \pm \sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}}$$

(१) यहां जो २ अ < ९०° अर्थात् अ < ४५° तो वह उक्त समीकरण इस प्रकार का होता है ।

$$\left.\begin{array}{l} \text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ} = \sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \\ \text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ} = \sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}} \end{array}\right\} \text{(पा)}$$

(२) जो २ अ > ९०° < १८०° अर्थात् अ > ४५° < ९०°

$$\text{तो} \left.\begin{array}{l} \text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ} = \sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \\ \text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ} = -\sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}} \end{array}\right\} \text{(फा)}$$

(३) जो २ अ > १८०° < २७०° अर्थात् अ > ९०° < १३५°

$$\text{तो} \left.\begin{array}{l} \text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ} = +\sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}} \\ \text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ} = -\sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \end{array}\right\} \text{(वा)}$$

(४) और जो २ अ > २७०° < ३६०° अर्थात् अ > १३५° < १८०°

$$\text{तो} \left.\begin{array}{l} \text{कोज्या अ} + \text{ज्या अ} = -\sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}} \\ \text{कोज्या अ} - \text{ज्या अ} = -\sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \end{array}\right\} \text{भा}$$

(५) पा, फा इन दोनों का योग और अन्तर करने से

$$\text{कोज्या अ} = \frac{१}{२}(\sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \pm \sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}})$$

$$\text{ज्या अ} = \frac{१}{२}(\sqrt{१ + \text{ज्या २ अ}} \pm \sqrt{१ - \text{ज्या २ अ}})$$

यहां ९०° अंश से छोटा कोण जब ४५° अंश से छोटा वा बड़ा हो तब क्रमसे हर एक समीकरण के दूसरे पक्ष के दूसरे पद का चिन्ह धन वा ऋण होगा ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

२६ शिष्यों की बुद्धि बढ़ने के लिये इस प्रक्रम में ज्या आदि के अनेक प्रकार के मान दिखलाए हैं ये सब पहिले प्रक्रमों से थोड़े प्रयास से उत्पन्न होते हैं ॥

(१) $\text{ज्याअ} = \sqrt{१ - \text{कोज्या}^{२}\text{अ}} = \text{कोज्याअ}\cdot\text{स्पअ} = \dfrac{\text{स्पअ}}{\text{छेअ}}$

$= \dfrac{\text{कोज्याअ}}{\text{कोस्पअ}} = \dfrac{१}{\sqrt{१ + \text{कोस्प}^{२}\text{अ}}} = \dfrac{\text{स्पअ}}{\sqrt{१ + \text{कोस्प}^{२}\text{अ}}} = \dfrac{१}{\text{कोछेअ}}$

$= \dfrac{\text{छेअ}\cdot\text{कोज्याअ}}{\text{कोछेअ}} = \dfrac{\text{स्पअ}\cdot\text{कोस्पअ}}{\text{छेअ}} = \dfrac{\sqrt{\text{छे}^{२}\text{अ} - १}}{\text{छेअ}}$

(२) $\text{कोज्याअ} = \dfrac{\text{ज्याअ}}{\text{स्पअ}} = \dfrac{१}{\sqrt{१ + \text{स्प}^{२}\text{अ}}} = \dfrac{१}{\text{छेअ}}$

$= \dfrac{\text{स्पअ}\cdot\text{कोस्पअ}}{\text{छेअ}} = \dfrac{\text{ज्याअ कोछेअ}}{\text{छेअ}} = \text{ज्याअ}\cdot\text{कोस्पअ}$

$= \dfrac{\text{कोस्पअ}}{\text{कोछेअ}} = \dfrac{\text{कोस्पअ}}{\sqrt{१ + \text{कोस्प}^{२}\text{अ}}} = \dfrac{\sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{अ} - १}}{\text{कोछेअ}}$

(३) $\text{स्पअ} = \dfrac{\text{ज्याअ}}{\sqrt{१ - \text{ज्या}^{२}\text{अ}}} = \dfrac{\sqrt{१ - \text{कोज्या}^{२}\text{अ}}}{\text{कोज्याअ}} = \dfrac{२}{\text{कोस्पअ}}$

$= \dfrac{१}{\sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{अ} - १}} = \dfrac{\text{कोज्याअ}\cdot\text{छेअ}}{\text{कोस्पअ}} = \sqrt{\text{छे}^{२}\text{अ} - १}$

$= \dfrac{\text{ज्याअ}\cdot\text{कोछेअ}}{\text{कोस्पअ}} = \dfrac{\text{छेअ}}{\text{कोछेअ}} = \dfrac{\text{कोज्याअ}}{\text{ज्याअ}\cdot\text{कोस्प}^{२}\text{अ}}$

$= \dfrac{\sqrt{२\,\text{उअ} - \text{उ}^{२}\text{अ}}}{१ - \text{उअ}}$

(४) $\text{कोस्पअ} = \dfrac{१}{\text{स्पअ}} = \sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{अ} - १}$

$= \dfrac{\text{ज्याअ}\cdot\text{कोछेअ}}{\text{स्पअ}} = \dfrac{\text{कोज्याअ}\cdot\text{छेअ}}{\text{स्पअ}}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= \frac{\text{कोछेअ}}{\text{छेअ}} = \frac{\text{कोज्याअ}}{\text{ज्याअ}} = \frac{\sqrt{१-\text{ज्या}^{२}\text{अ}}}{\text{ज्याअ}} = \frac{\text{कोज्याअ}}{\sqrt{१-\text{कोज्या}^{२}\text{अ}}}$$

$$= \frac{१}{\sqrt{\text{छे}^{२}\text{अ}-१}} = \frac{\text{ज्याअ}}{\text{कोज्याअ}\cdot\text{स्प}^{२}\text{अ}} = \frac{१-\text{उअ}}{\sqrt{२\text{उअ}-\text{उ}^{२}\text{अ}}}$$

(५) $\text{छेअ} = \sqrt{१+\text{स्प}^{२}\text{अ}} = \frac{१}{\text{कोज्याअ}} = \frac{\text{स्पअ}}{\text{ज्याअ}}$

$$= \frac{१}{\text{ज्याअ}\cdot\text{कोस्पअ}} = \frac{\text{कोछेअ}}{\text{केस्पअ}} = \frac{\text{स्पअ}\cdot\text{कोस्पअ}}{\text{कोज्याअ}}$$

$$= \frac{\text{ज्याअ}\cdot\text{कोछेअ}}{\text{कोज्याअ}} = \frac{१}{\sqrt{१-\text{ज्या}^{२}\text{अ}}} = \frac{\sqrt{१+\text{कोस्प}^{२}\text{अ}}}{\text{कोस्पअ}}$$

$$= \frac{\text{कोछेअ}}{\sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{अ}-१}} = \text{स्पअ}\cdot\text{कोछेअ} = \frac{१}{१-\text{उअ}}$$

(६) $\text{कोछेअ} = \sqrt{१-\text{कोस्प}^{२}\text{अ}} = \frac{१}{\text{ज्याअ}} = \frac{\text{छेअ}}{\text{स्पअ}}$

$$= \frac{\text{कोस्पअ}}{\text{कोज्याअ}} = \frac{१}{\text{कोज्याअ}\cdot\text{स्पअ}} = \frac{\text{स्पअ}\cdot\text{कोस्पअ}}{\text{ज्याअ}}$$

$$= \frac{\text{कोज्याअ}\cdot\text{छेअ}}{\text{ज्याअ}} = \frac{१}{\sqrt{१-\text{कोज्या}^{२}\text{अ}}} = \frac{\sqrt{१+\text{स्प}^{२}\text{अ}}}{\text{स्पअ}}$$

$$= \frac{\text{छेअ}}{\sqrt{\text{छे}^{२}\text{अ}-१}} = \text{कोस्पअ}\cdot\text{छेअ} = \frac{१}{\sqrt{२\text{उअ}-\text{उ}^{२}\text{अ}}}$$

(७) $\text{उअ} = १ - \text{कोज्याअ} = १ - \sqrt{१-\text{ज्या}^{२}\text{अ}}$

$$= १ - \frac{१}{\sqrt{१+\text{स्प}^{२}\text{अ}}} = १ - \frac{\text{कोस्पअ}}{\sqrt{१+\text{कोस्प}^{२}\text{अ}}}$$

$$= १ - \frac{१}{\text{छेअ}} = १ - \frac{\sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{अ}-१}}{\text{कोछेअ}}$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

२७ इस प्रक्रम में कोण के ज्यादि को से उसी द्विगुण कोण के ज्यादि मानों को दिखलाते हैं ॥

(१) ज्या २ अ = ज्याअ. कोज्याअ = $\frac{२ \text{ ज्या}^२ \text{अ}}{\text{स्पअ}} = \frac{२ \text{ कोज्या}^२ \text{अ}}{\text{कोस्पअ}}$

$= \frac{२ \text{ ज्याअ}}{\text{छेअ}} = \frac{२ \text{ कोज्याअ}}{\text{कोछेअ}} = \frac{२ \text{ स्पअ}}{१ + \text{स्प}^२\text{अ}} = \frac{२ \text{ स्पअ}}{\text{छेअ}}$

$= \frac{२}{\text{स्पअ} + \text{कोस्पअ}} = \frac{२ \text{ कोस्पअ}}{१ + \text{कोस्प}^२\text{अ}} = \frac{२ \text{ कोस्पअ}}{\text{कोछे}^२\text{अ}}$

(२) कोज्या २ अ = कोज्या^{२} अ — ज्या^{२} अ = १ — २ ज्या^{२} अ

$= २ \text{ कोज्या}^२ \text{अ} - १ = \frac{१ - \text{स्प}^२\text{अ}}{१ + \text{स्प}^२\text{अ}} = \frac{\text{कोस्पअ} - \text{स्पअ}}{\text{कोस्पअ} + \text{स्पअ}}$

$= \frac{\text{कोस्प}^२\text{अ} - १}{\text{कोस्प}^२\text{अ} + १} = \frac{२ - \text{छे}^२\text{अ}}{\text{छे}^२\text{अ}} = \frac{२ \text{ कोज्याअ} - \text{छेअ}}{\text{छेअ}}$

$= \frac{\text{कोछे}^२\text{अ} - २}{\text{कोछे}^२\text{अ}} = \frac{\text{कोछेअ} - २ \text{ ज्याअ}}{\text{कोछे}^२\text{अ}}$

(३) स्प २ अ = $\frac{२ \text{ स्पअ}}{१ - \text{स्प}^२\text{अ}} = \frac{२}{\text{कोस्पअ} - \text{स्पअ}} = \frac{२ \text{ ज्याअ. कोज्याअ}}{१ - २ \text{ ज्या}^२\text{अ}}$

$= \frac{२ \text{ ज्याअ. कोज्याअ}}{२ \text{ कोज्या}^२\text{अ} - १} = \frac{२ \text{ कोस्पअ}}{\text{कोस्प}^२\text{अ} - १} = \frac{२ \text{ स्पअ}}{२ - \text{छे}^२\text{अ}} = \frac{२ \text{ कोस्पअ}}{\text{कोछे}^२\text{अ} - १}$

(४) कोस्प २ अ = $\frac{१ - \text{स्प}^२\text{अ}}{२ \text{ स्पअ}} = \frac{\text{कोस्प}^२\text{अ} - १}{२ \text{ कोस्पअ}} = \frac{\text{कोस्पअ} - \text{स्पअ}}{२}$

$= \frac{१ - २ \text{ ज्या}^२\text{अ}}{२ \text{ ज्याअ. कोज्याअ}} = \frac{२ \text{ कोज्या}^२\text{अ} - १}{२ \text{ ज्याअ. कोज्याअ}} = \frac{२ - \text{छे}^२\text{अ}}{२ \text{ स्पअ}}$

$= \frac{\text{कोछे}^२\text{अ} - २}{२ \text{ कोस्पअ}}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

(५) छे २ अ = $\frac{\text{छे}^2\text{अ}}{\text{२ छे}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{छे अ}}{\text{२ कोज्या अ} - \text{छे अ}}$ = $\frac{\text{१}}{\text{२ कोज्या}^2\text{अ} - \text{१}}$

= $\frac{\text{१}}{\text{१} - \text{२ज्या}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{१} + \text{स्प}^2\text{अ}}{\text{१} - \text{स्प}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{कोस्प अ} + \text{स्प अ}}{\text{कोस्प अ} - \text{स्प अ}}$ = $\frac{\text{कोस्प}^2\text{अ} + \text{१}}{\text{कोस्प}^2\text{अ} - \text{१}}$

= $\frac{\text{कोछे}^2\text{अ}}{\text{कोछे}^2\text{अ} - \text{२}}$

(६) कोछे २ अ = $\frac{\text{१}}{\text{२}}$ छे अ · कोछे अ = $\frac{\text{छे अ}}{\text{२ ज्या अ}}$ = $\frac{\text{कोछे अ}}{\text{२ कोज्या अ}}$

= $\frac{\text{१}}{\text{२ ज्या अ · कोज्या अ}}$ = $\frac{\text{१} + \text{स्प}^2\text{अ}}{\text{२ स्प अ}}$ = $\frac{\text{छे}^2\text{अ}}{\text{२ स्प अ}}$ = $\frac{\text{स्प अ} + \text{कोस्प अ}}{\text{२}}$

= $\frac{\text{१} + \text{कोस्प}^2\text{अ}}{\text{२ कोस्प अ}}$ = $\frac{\text{कोछे}^2\text{अ}}{\text{२ कोस्प}^2\text{अ}}$

(७) उ २ अ = २ ज्या^{2} अ = २ — २ कोज्या^{2} अ = $\frac{\text{२ स्प}^2\text{अ}}{\text{१} + \text{स्प}^2\text{अ}}$

= $\frac{\text{२ स्प}^2\text{अ}}{\text{छे}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{२ स्प अ}}{\text{स्प अ} + \text{कोस्प अ}}$ = $\frac{\text{२}}{\text{१} + \text{कोस्प}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{२}}{\text{कोछे}^2\text{अ}}$

= $\frac{\text{२ ज्या अ}}{\text{कोछे अ}}$ = २ $\frac{\text{छे}^2\text{अ} - \text{१}}{\text{छे}^2\text{अ}}$ = $\frac{\text{छे अ} - \text{कोज्या अ}}{\text{छे अ}}$

२८ इस प्रकरण में निर्दिष्ट अंशों की ज्या और कोटिज्या का आनयन दिखलाते हैं ॥

(१) ४५° की ज्या और कोटिज्या का आनयन करते हैं

∵ (२३) वे प्रकरण के (२) इस समीकरण से २ ज्या^{2} अ = १ - कोज्या २ अ

और, २ कोज्या^{2} अ = १ + कोज्या २ अ यों सिद्ध हुआ है

∴ जो अ = ४५°

तब २ ज्या^{2} ४५° = १ - कोज्या ९०° = १ - कोस्प^2 अ

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS

Digitized by eGangotri

$\therefore$ ज्या ४५° $= \pm \frac{१}{\sqrt{२}}$ = कोज्या ४५°

यहां ऋणमान अनुपपन्न अर्थात् अ प्रसिद्ध है इस लिये उसे तज देना

३०° की और ६०° की ज्या औ कोटिज्या का आनयन

यहां ज्या २ अ = कोज्याअ

और ज्या २ अ = २ ज्याअ . कोज्याअ

$\therefore$ २ ज्याअ . कोज्याअ = कोज्याअ

$\therefore$ ज्याअ $= \frac{१}{२}$, वा ज्या ३०° $= \frac{१}{२}$ = कोज्या ६०°

और कोज्या ३०° $= \sqrt{१ - \text{ज्या}^{२}\,३०°} = \sqrt{१ - \frac{१}{४}} = \frac{\sqrt{३}}{२}$

= ज्या ६०°

(३) १८° की और ७२° की ज्या औ कोटिज्या का आनयन

जो अ = १८° तो ज्या २ अ = कोज्या ३ अ

अब ज्या २ अ = २ ज्याअ. कोज्याअ। कोज्या ३ अ = कोज्याअ − ४ ज्या^{२}अ. कोज्याअ,

$\therefore$ २ ज्याअ. कोज्याअ = कोज्याअ − ४ ज्या^{२}अ कोज्याअ

वा २ ज्याअ = १ − ४ ज्या^{२}अ $\therefore$ ४ ज्या^{२}अ + २ ज्याअ. = १

$\therefore$ वर्गसमीकरण की विधि करके सिद्ध हुआ

$$\text{ज्याअ} = \frac{\pm\sqrt{५} - १}{४}$$

इसमें ऋणमान तज देना

$\therefore$ ज्या १८° $= \frac{\sqrt{५} - १}{४}$ = कोज्या ७२°

इसी लिये कोज्या १८° $= \sqrt{१ - \text{ज्या}^{२}\,१८°} = \sqrt{१ - \left(\frac{\sqrt{५} - १}{४}\right)^{२}}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= \sqrt{१ - \frac{६ - २\sqrt{५}}{१६}} = \sqrt{\frac{१० + २\sqrt{५}}{१६}} = \sqrt{\frac{१० + २\sqrt{५}}{४}}$$

= ज्या ७२°

(४) ३६° अंश की और ५४° की ज्या औ कोटिज्या का आनयन।

जो अ = १८° तो ज्या २ अ = २ ज्याअ. कोज्याअ

$$\therefore \text{ज्या } ३६° = २\left(\frac{\sqrt{५} - १}{४}\right)\left(\frac{\sqrt{१० + २\sqrt{५}}}{४}\right) = \frac{\sqrt{१० - २\sqrt{५}}}{४}$$

= कोज्याअ

इसी लिये कोज्या ३६° $= \sqrt{१ - \text{ज्या}^{२}\, ३६°} = \sqrt{१ - \frac{१० - २\sqrt{५}}{१६}}$

$$= \sqrt{\frac{६ + २\sqrt{५}}{१६}} = \frac{\sqrt{५} + १}{४} = \text{ज्या } ५४°$$

(५) ३०° अंश की और १८° की अर्द्धांशज्या औ कोटिज्या का आनयन करते हैं ॥

यहां (२५)वें प्रक्रम के दो समीकरणों का उपयोग पड़ता है

$$\text{ज्याअ} = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + \text{ज्या } २\text{ अ}} - \sqrt{१ - \text{ज्या } २\text{ अ}}\right\}$$

$$\text{कोज्याअ} = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + \text{ज्या } २\text{ अ}} + \sqrt{१ - \text{ज्या } २\text{ अ}}\right\}$$

इस में यदि २ अ = ३०° इसी लिये ज्या २ अ = $\frac{१}{२}$

$$\text{तब ज्या } १५° = \frac{१}{२}\left\{\sqrt{१ + \frac{१}{२}} - \sqrt{१ - \frac{१}{२}}\right\} =$$

$$\frac{१}{२}\left(\sqrt{\frac{३}{२}} - \sqrt{\frac{१}{२}}\right) = \frac{\sqrt{३} - १}{२\sqrt{२}} = \text{कोज्या } ७५°$$

चौथा प्रकार । मानों कि (अ) और (ग) ये दो भुज निर्दिष्ट हैं तो ज्याआ = $\frac{अ}{ग}$ ॥

इस का घातप्रमापक रूप

घा $_{द}$ ज्याआ = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ ग

इस प्रकार से (आ) कोण जाना गया ∴ का = ९०° — आ

और घा $_{द}$ क = १० + घा $_{द}$ अ — स्वआ

यों (का) कोण और (ग) भुज ये दोनों ज्ञात होते हैं

वा क^{२} = ग^{२} — अ^{२} यह क्षेत्रमिति के पहिले अध्याय की ४७ वीं प्रतिज्ञा से सिद्ध होता है इस लिये यहां कोण सम्बन्धी विधि के बिन (क) भुज जाना गया ॥

उदा० अ = १२० । और ग = १५९ तो यहां और अवयव क्या होंगे ॥

यहां घा $_{द}$ ज्याआ = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ ग

= १० + २. ७९१८१२ — २०२२७८८६७

+ १२. ० ७९ १८ १२

— २. २२ ७८८ ६७

= ९.८५१२७४५ = घा $_{द}$ ज्या ४५° । १४′ । २३″

∴ आ = ४५° । १४′ । २३″

∴ का = ९०° — ४५° । १४′ । २३″ = ४४° ४५ ३७″ ।

और घा $_{द}$ क = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ स्वआ

इस पर से सिद्ध हुआ (क) का मान = ११९

यों और भी अवयव सिद्ध हुए आ = ४५° । १४′ । २३″

का = ४४° । ४५′ । ३७″

क = ११९

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

वा क = $\sqrt{ग^{२} - अ^{२}}$ = $\sqrt{(१६९)^{२} - (१२०)^{२}}$ = ११९ ऐसा विधि करने से वही भुज सिद्ध हुआ ॥

पांचवां प्रकार। मानों कि (अ) और (क) ये दोनों भुज जाने हुए हैं तो स्पआ = $\frac{अ}{क}$ ॥

वा घा $_{द}$ स्पआ = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ क

इस प्रकार से (अ) कोण को जान के

का = ९०° — आ

और घा $_{द}$ ग = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ ज्याआ

यों (का) कोण औ (ग) भुज इन दोनों को जान लेना।

वा $ग^{२} = अ^{२} + क^{२}$ यों क्षेत्रमिति के पहिले अध्याय कि (४७) वीं प्रतिज्ञा से (ग) भुज जाना जाता है।

उदा० अ = १२० और क = ११९ तो और अवयव क्या होंगे

यहां घा $_{द}$ स्पआ = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ क

= १० + २.०७९१८१२ — २.०७५५४७०

= { + १२.०७९१८१२
  — २.०७५५४७०

= १०.००३६३४२ = घा $_{द}$ स ४५° । १४′ । २३″

∴ आ = ४५° । १४′ । २३″

और ∴ का = ४४° । ४५′ । ३७″

और घा $_{द}$ ग = १० + घा $_{द}$ अ — घा $_{द}$ ज्याआ इस पर से सिद्ध हुआ

(ग) भुज का मान = ११९

वा ग = $\sqrt{(१२०)^{२} + (११९)^{२}}$ = १६९ इस प्रकार से वही भुज सिद्ध हुआ ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

॥ अभ्यास के लिये और उदाहरण ॥

॥ जात्य त्रिभुज में ॥

	निर्दिष्ट अवयव		सिद्ध अवयव
(१)	अ = २१ अ = ४६° । २३′ । ५०″	..	का = ४३° । ३६′ । १०″ क = २० । ग = २८
(२)	अ = १०० आ = ४४° । १७′	..	का = ३५° । ४३′ क = ७१. ८० ११५ ग = १२३. १६६६६
(३)	अ = १३६ का = ६३° । ३१′ । ८″	..	आ = २६° । २८′ । ५२″ क = २७३ । ग = ३०५
(४)	अ = १३५ का = २५° । २३′	..	आ = ६४ । ३७′ क = ६४.० ५४२८ ग = १४८. ४२ ५५७
(५)	ग = ५४७. २१ आ = ३१° । ४५′ । २२. ४″	..	का = ५८° । १४′ । ३७. ६″ अ = २२८ क = ४६५. २८
(६)	ग = ८२ १७ अ = १° । ११′ । ३७″	..	का = ८८° । ४८′ । २३″ अ = १८२ । क = ८२ १५
(७)	अ = ४०६० ग = ५७ ४१	..	आ = ४५° । ०′ । २५ . ४″ का = ४४° । ५८ । ३४. ६″ क = ४० ५८
(८)	क = २२४ ग = ७८२	..	आ = ७३° । २१′ । १७″ का = १६° । ३८′ । ४३″ अ = ७४८ . २३ ४२
(९)	अ = २० क = ८८	..	आ = ११° । २५′ । १६. ३″ का = ७८° । ३४′ । ४३. ७″ ग = १०१
(१०)	अ = १६ क = ११ . ५२८	..	आ = ५४° । १३′ । २८. ६″ का = ३५° । ४६′ । ३०. ४″ ग = १८ . ७२१

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

॥ अब अजात्य त्रिभुज का गणित दिखलाते हैं ॥

५३ अजात्य त्रिभुज अर्थात जिस में कोई समकोण नहीं है उस में तीन अवयव निर्दिष्ट हों तो और तीन अवयव ज्ञात हो सकते हैं और जो तीन से न्यून अवयव निर्दिष्ट हों वा तीनकोण ही निर्दिष्ट हों तो और अवयवों को नहीं जान सकते ॥

अजात्य त्रिभुज के अनेक प्रकार हैं उन को क्रम से लिखते हैं पहिला प्रकार । जब कि त्रिभुज में एक भुज (अ) और (आ, का) ये दोनों कोण निर्दिष्ट हैं ॥

तब ∴ आ + का + गा = १८०° ∴ गा = १८०° — (आ + का)

यों तीसरा कोण ज्ञात हुआ

और (३३ वें प्रक्रम से $\frac{\text{ज्याआ}}{\text{ज्याका}} = \frac{\text{अ}}{\text{क}}$

∴ $\text{क} = \frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्याआ}}$ इस का घातप्रमापक रूप

$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} = \text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याका} - \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याआ}$

ऐसा ही $\text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग} = \text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्या गा} - \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याआ}$

यों (क) और (ग) ये दो भुज व्यक्त होते हैं ।

उदा० (१) अ = १५ और आ = ६७° । २२' । ४८. ५"

और का = ५३° । ७' । ४८. ४" तो यहां और अवयव क्या होते हैं सो कहो ॥

यहां गा = १८०° — (६७° । २२' । ४८. ५" + ५३° । ७' । ४८. ४")

= १८०° — १२०° । ३०' । ३६. ९" = ५९° । २९' । २३. १"

$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} = \text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याका} - \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याआ}$

= १. १७६० ९१३ + ९. ९० ३० ९०० — ९. ९६५२३७९

$= \begin{cases} +\ ११.०७९१८१३ \\ -\ ९.९६५२३७९ \end{cases}$

= १. १४ ६१ २८ ० = $\text{घा}_{\text{द}}$ १३ ∴ ग = १३

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

ऐसा ही घा $_{द}$ ग = आ $_{द}$ अ + घा $_{द}$ ज्या गा — घा $_{द}$ ज्या आ

= १ . १७६० ८११ + ९ . ९३ ५२ ७४ ६ — ९ . ९६ ५२ ३७९

$$= \begin{cases} +\ ११ . ११\ १३\ ६५९ \\ -\ ९ . ९६\ ५२\ ३७९ \end{cases}$$

= १ . १४ ६१ २८० = घा $_{द}$ १४ ∴ ग = १४

उदा० (२) अ = १० । का = १२६° । ५२′ । ११ , ६″ और गा = २५° । ३′ । २७ . ४″ तो यहां और अवयव क्या होंगे ।

यहां आ = १८०° — (१२६° । ५२′ । ११ . ६″ + २५° । ३′ । २७ . ४″)

= १८०° — १५१° । ५५′ । ३९″ = २८° । ४′ । २१″

घा $_{द}$ क = घा $_{द}$ अ + घा $_{द}$ ज्या का — घा $_{द}$ ज्या आ

= १ . ०००००० + ९ . ९०३०९०० — ९ . ६७२६४११

$$= \begin{cases} +\ १०\ .\ ९०३०९०० \\ -\ ९\ .\ ६७७६४११ \end{cases}$$

= १ . २३० ४४८९ = घा $_{द}$ १७ ∴ क = १७

घा $_{द}$ ग = घा $_{द}$ अ + घा $_{द}$ ज्या गा — घा $_{द}$ ज्या आ

= १ . ०००००० + ९ . ६२ ६८८३६ — ९ . ६७२६४११

$$= \begin{cases} +\ १०\ .\ ६२\ ६८८३६ \\ -\ ९\ .\ ६७२६\ ४११ \end{cases}$$

= ० . ९५४२४२२५ = घा $_{द}$ ९ ∴ ग = ९

यों अज्ञात अवयव सिद्ध हुए $\begin{cases} आ = २८° । ४′ । २१″ \\ क = १७ । ग = ९ \end{cases}$

दूसरा प्रकार । जब कि त्रिभुज में (अ) औ (क) ये दो भुज निर्दिष्ट

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

हैं और इन में किसी एक अर्थात (अ) भुज के सामने का (आ) कोण निर्दिष्ट है तो (३४)वें प्रक्रम से ॥

$$\frac{\text{ज्याआ}}{\text{ज्याका}} = \frac{\text{अ}}{\text{क}}$$

$$\therefore \text{ज्याका} = \frac{\text{क.ज्याआ}}{\text{अ}}$$

और गा = १८०° — (आ + का) यों और दो भुजों को जान लेना।

$$\text{आगे} \because \frac{\text{ज्याआ}}{\text{ज्यागा}} = \frac{\text{अ}}{\text{ग}}$$

$$\therefore \text{ग} = \frac{\text{अ . ज्यागा}}{\text{ज्याआ}}$$

अब (का) और (ग) इन दोनों के घातप्रमापक रूप लिखते हैं।

$$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याका} = \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याआ} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} - \text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ}$$

$$\text{और घा}_{\text{द}}\ \text{ग} = \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्यागा} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} - \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्याआ}$$

यहां यह जानना चाहिये कि कोण और उस करके रहित दो समकोण की ज्या समान ही होती है इस लिये यहां (ज्याका) मे लब्ध हुए (का) के मान को १८० एक सौ अस्सी में घटा देने से (का) कोण का दूसरा मान सिद्ध होता है परन्तु जो (क) भुज से (अ) भुज छोटा हो तो। और जो इससे उलटा हो तो नहीं। क्योंकि जब कि (क) भुज से (अ) भुज छोटा है तो (का) कोण से (आ) कोण छोटा होगा। और तब पहिले सिद्ध किये हुए (का) कोण के दो मानों का योग दो समकोण के समान होता है इस लिये उन दो मानों में हर एक में (का) कोण से छोटे (आ) कोण को जोड़ दें तो वह योग दो सम कोण से न्यून होगा इस लिये यहां (का) कोण के दो मानों का संभव है। परन्तु जब (क) भुज से (अ) भुज बड़ा हो तब (का) कोण से (आ) कोण बड़ा होगा इस लिये उससे जुड़े हुए (का) कोण का दूसरा मान दो सम कोण से अधिक होगा इस लिये यहां दूसरे मान का संभव नहीं है, ॥

यह समीप लिखे हुए क्षेत्र मे अच्छी भांति बूझ पड़ता है, मानों कि (आकागा) एक त्रिभुज है उस में (आगा) भुज से (कागा) भुज छोटा है ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri



तो (गा) केन्द्र मान के (गाका) व्यासार्ध से (काका) चाप करनें से वह (आका) रेखा पर (आ) बिन्दु से (का) की ओर दूसरे स्थान में लगता है। उससे निर्दिष्ट अवयव वाले दो त्रिभुज बनते हैं उन में (का) कोण के दो मान आपस में स्पर्धी स्पष्ट देख पड़ते हैं ॥

और जो (आगा) भुज से (कागा) भुज बड़ा हो तो (आ) बिन्दु से जिधर की ओर (का) बिन्दु हो उस को दूसरी ओर (काका) चाप और (आका) रेखा का संपात होगा ॥

इस से तो दूसरा त्रिभुज हो न बनेगा तब (का) कोण के दूसरे मान का भी असंभव ही है ॥

और भी जो (काका) चाप (आका) रेखा में केवल स्पर्श करे तो यद्यपि (आगा) भुज से (कागा) भुज छोटा रहे तौ भी (का) कोण एक ही प्रकार का होगा। और जो (काका) चाप (आका) रेखा में न लगे वा न काटे तो (आकागा) त्रिभुज न बनने के कारण कहे हुए निर्दिष्ट अवयव अशुद्ध जानो।

उदा० अ = १० और क = १७ और आ = २८° । ४′ । २१″ तो और अवयव क्या होंगे

यहां घा$_{द}$ ज्याका = घा$_{द}$ ज्याआ + घा$_{द}$ क — घा$_{द}$ अ

= ९. ६७ २६४११ + १.२३०४४८९ — १. ०००००००

= ९. ९० ३० ९०० = घा$_{द}$ ज्या ५३° । ७′ । ४८ - ४″

वा = घा$_{द}$ ज्या १२६° । ५२′ । ६″

यहां (क) भुज से (अ) भुज छोटा है ॥

इस लिये का = ५३° । ७′ । ४८ - ४ वा १२६° । ५२′ । ११ . ६

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS MoE

Digitized by eGangotri

इस प्रकार से यहां (का) के दो मान आते हैं

$\therefore$ गा = ९८° । ४७′ । ५०. ६″ वा २५° । ३′ । २७. ४″

और घा$_{द}$ ग = घा$_{द}$ ज्यागा + घा$_{द}$ अ—घा$_{द}$ ज्याआ

= घा$_{द}$ ज्या (९८° । ४७′ । ५०. ६″) + घा$_{द}$ अ—घा$_{द}$ ज्याआ

= ९. ९९४८६०४ + १.०००००० —९. ६७२६४११

= १. ३२२२१९३ = घा$_{द}$ २१ $\therefore$ ग = २१

वा = घा$_{द}$ ज्या (२५° । ३′ । २७. ४″) + घा$_{द}$ अ—घा$_{द}$ ज्याआ

= ९. ६२६८८३६ + १. ००००००० —९. ६७२६४११

= ०. ९५४२४२५ = घा$_{द}$ ९ $\therefore$ ग = ९

यों अवयव प्रकट हुए
- का = ५३° । ७′ । ४८. ४″ वा १२६° । ५२′ । ११. ६″
- गा = ९८° । ४७′ । ५०. ६″ वा २५° । ३′ । २७. ४″
- ग = २१ वा ९

उदा० (२) अ = १५ । और क = १३ । आ = ६७° । २२′ । ४८. ५″

तो और अवयव क्या होंगे

यहां घा$_{द}$ ज्याका = घा$_{द}$ ज्याआ + घा$_{द}$ क—घा$_{द}$ अ

= ९. ९६५२३७९ + १ . ११३९४३४—१.१७६०९१३

= ९. ९०३०९०० = घा$_{द}$ ज्या ५३° । ७′ । ४८. ४″

$\therefore$ का = ५३° । ७ । ४८. ४″

यहां (क) भुज से (अ) भुज बड़ा है इस लिये यहां (का) का मान एक ही होता है ॥

$\therefore$ गा = ५९° । २९′ । २३. १″

और पहिले की नाईं ग = १४

(३) तीसरा प्रकार। जब कि त्रिभुज में (क) औ (ग) ये दो भुज निर्दिष्ट हैं और उनका अन्तर्गत कोण (आ) निर्दिष्ट है तो अज्ञात अवयव क्या होंगे ।

तो (३३) वें प्रक्रम से $\frac{क + ग}{क — ग} = \frac{स्प \frac{१}{२} (का + गा)}{स्प \frac{१}{२} (का — गा)}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$\therefore$ स्य $\frac{१}{२}$ (का—गा) $= \frac{क-ग}{क+ग}$ स्य $\frac{१}{२}$ (का + गा)

परन्तु $\frac{१}{२}$ (का + गा) $= ९०^{\circ} - \frac{१}{२}$ आ

$\therefore$ स्य $\frac{१}{२}$ (का—गा) $= \frac{क-ग}{क+ग}$. कोस्य $\frac{१}{२}$ आ

इस का घातप्रमापक रूप लिखते हैं

घा$_{द}$ स्य $\frac{१}{२}$ (का—गा) = घा$_{द}$ कोस्य $\frac{१}{२}$ आ + घा$_{द}$ (क—ग) — घा$_{द}$ (क + ग)

यों अज्ञात दो कोणों के अन्तर का आधा जान पड़ता है और उन दोनों के योग का आधा तो निर्दिष्ट कोण से जाना ही गया है ॥

$\therefore$ का $= \frac{१}{२}$ (का + गा) + $\frac{१}{२}$ (का—गा)

और गा $= \frac{१}{२}$ (का + गा) — $\frac{१}{२}$ (का—गा)

यों और दो कोण जान पड़ेंगे

अब पहिले प्रकार से तीसरे भुज को जानना सुलभ है

अब यहां जो निर्दिष्ट तीन अवयवों से और कोणों को छोड़ तीसरे भुज को जानने चाहें तो वह अ^{२} = क^{२} + ग^{२} — २ कग . कोज्याआ

यह (३५)वें प्रक्रम में लिखे हुए समीकरण से सिद्ध होता है। परन्तु इस समीकरण का घातप्रमापक रूप नहीं सिद्ध होता है इस लिये इस में ऐसा एक सम्बन्ध लगाते हैं कि जिस में इससे घातप्रमापक के द्वारा तीसरे भुज को जान सकें वह सम्बन्ध दो प्रकार का है ॥

उन दोनों में पहिला दिखलाते हैं

(प१) अ^{२} = क^{२} + ग^{२} — २ कग . कोज्याआ

= क^{२} — २ कग + ग^{२} + २ कग (१—कोज्याआ)

= (क — ग)^{२} + ४ कग . ज्या^{२} $\frac{१}{२}$ आ

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= (\text{क}-\text{ग})^{२} \left\{ १ + \frac{४\,\text{कग}}{(\text{क}-\text{ग})^{२}} \cdot \text{ज्या}^{२} \frac{१}{२} \text{आ} \right\}$$

यहां $\frac{४\,\text{कग}}{(\text{क}-\text{ग})^{२}} \cdot \text{ज्या}^{२} \frac{१}{२}$ आ धन है इस लिये उस के स्थान में (स्य^{२} द) मान लेते हैं तो

$$\text{अ}^{२} = (\text{क}-\text{ग})^{२} (१ + \text{स्य}^{२}\text{द}) = (\text{क}-\text{ग})^{२}\ \text{छेद}^{२}$$

$$\therefore \text{अ} = (\text{क}-\text{ग})\ \text{छेद}$$

इस का घातप्रमापक रूप

$$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} = \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{क}-\text{ग}) + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{छेद} \text{--} १०$$

और $\because$ $\text{स्य}^{२}\ \text{द} = \frac{४\,\text{कग}}{(\text{क}-\text{ग})^{२}} \cdot \text{ज्या}^{२} \frac{१}{२}$ आ

$$\therefore \text{स्य}\,\text{द} = \frac{२\sqrt{\text{कग}}}{\text{क}-\text{ग}} \cdot \text{ज्या} \frac{१}{२} \text{आ}$$

इस का घातप्रमापक रूप

$$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{स्य}\,\text{द} = \text{घा}_{\text{द}}\ २ + \frac{१}{२} \text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्या} \frac{१}{२} \text{आ}$$
$$- \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{क}-\text{ग})$$

यों (द) का मान जाना गया

$$\text{अब घा}_{\text{द}}\ \text{अ} = \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{क}-\text{ग}) + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{छेद} \text{--} १०$$

इस संबंध में जो (क—ग) छोटा हो तो (स्यद) बड़ा होगा और उससे लब्ध हुआ (द) का जो मान है सो स्थूल होता है और (क) का मान भी स्थूल होता है इस लिये दूसरा संबंध दिखलाते हैं ॥

$$(\text{प}_{२})\ \text{अ}^{२} = \text{क}^{२} + \text{ग}^{२} - २\,\text{कग} \cdot \text{कोज्या आ}$$

$$= \text{क}^{२} + २\,\text{कग} + \text{ग}^{२} - २\,\text{कग}\ (१ + \text{कोज्या आ})$$

$$= (\text{क} + \text{ग})^{२} - ४\,\text{कग} \cdot \text{कोज्या}^{२} \frac{१}{२} \text{आ}$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$= (\text{क} + \text{ग})^{२} \left\{ १ - \frac{४\ \text{कग}}{(\text{क} + \text{ग})^{२}} \text{कोज्या}^{२} \frac{१}{२} \text{आ} \right\}$$

अब जिस लिये $(\text{क} + \text{ग})^{२}$ इससे ४ कग सर्वदा छोटा रहता है इस लिये ॥

$\left(\frac{४\ \text{कग}}{(\text{क} + \text{ग})^{२}} \text{कोज्या} \frac{१}{२} \text{आ} \right)$ यह १ एक से छोटा है

$\therefore$ मानों कि $\frac{४\ \text{कग}}{(\text{क} + \text{ग})^{२}} \text{कोज्या}^{२} \frac{१}{२} \text{आ} = \text{ज्याद}^{२}$

तो $\text{अ}^{२} (\text{क} + \text{ग})^{२} (१ - \text{ज्याद}^{२}) = (\text{क} + \text{ग})^{२} \text{कोज्याद}^{२}$

$\therefore$ $\text{अ} = (\text{क} + \text{ग})$ कोज्याद

अब (ज्याद) और (अ) इन के दो मानों के घातप्रमापक रूप लिखते हैं

$\text{घा}_{\text{द}}$ ज्याद $= \text{घा}_{\text{द}}\ २ + \frac{१}{२} \text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} + \frac{१}{२} \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग} + \text{घा}_{\text{द}}$ कोज्या $\frac{१}{२}$ आ $- \text{घा}_{\text{द}} (\text{क} + \text{ग})$

$\text{घा}_{\text{द}}\ \text{अ} = \text{घा}_{\text{द}} (\text{क} + \text{ग}) + \text{घा}_{\text{द}}$ कोज्याद $- १०$

उदा० क = ८२ । ग = २१ और आ = १० २° । ४०० । ४९ . ४ तो यहां अज्ञात अवयव क्या होंगे

यहां $\text{घा}_{\text{द}}$ रप $\frac{१}{२}$ (का—गा) $= \text{घा}_{\text{द}}$ कोस्य $\frac{१}{२}$ आ $+ \text{घा}_{\text{द}} (\text{क} - \text{ग})$ $- \text{घा}_{\text{द}} (\text{क} + \text{ग})$ ॥

$= \text{घा}_{\text{द}}$ कोस्य (५१° । २०′ । २४०) $+ \text{घा}_{\text{द}}$ ६१ $\text{घा}_{\text{द}}$ १०३

$= ९ . ९० ३० ९०० + १ . ७८ ५३ २९८ - २ . ० १२८३ ७२$

$$= \left\{ \begin{array}{l} + ११ . ६८८५१९८ \\ - २ . ०१२८३७२ \end{array} \right.$$

$= + ९ . ६७५५८२६ =$ रप २५० । ११० । २ . ५०

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$\therefore \frac{१}{२}$ (का—गा) = २५° । २१′ । ३.५″

और भी $\frac{१}{२}$ (का + गा) = ९०— $\frac{१}{२}$ आ = ३८° । ३९′ । ३५.३″

$\therefore$ का = ६४° । ०′ । ३८.८″

और गा = १३° । १८′ । ३१.८″

इस लिये पहिले प्रकार से तीसरा भुज सिद्ध हुआ अ = ८९

अब पहिले सम्बन्ध से तीसरे भुज को जानने के लिये न्यास

घा $_{द}$ स्प द घा $_{द}$ २ + $\frac{१}{२}$ घा $_{द}$ क + $\frac{१}{२}$ घा $_{द}$ ग + $\frac{१}{२}$ घा $_{द}$ ज्या $\frac{१}{२}$ आ—घा $_{द}$ (क—ग)

=. ३०१०३०० +. ६६११०९६५ +. ९५६९०६९५ + ९ . ८९२५७८१ — १. ७८५३२९८

= ११ . ८११६ २४७—१ . ७८ ५३ २९८ = १० . ० २६२९ ४९

= स्प । ४६° । ४४′ । ४७″ $\therefore$ द = ४६° । ४४′ । ४७″

और घा $_{द}$ अ = घा $_{द}$ (क—ग) × घा $_{द}$ छेद—१०

= १ . ७८५३२९८ + १० . १६४०६०२ — १०

= १ . ९४९३९०० = घा $_{द}$ ८९ $\therefore$ अ = ८९

जो तीसरा भुज पहिले सिद्ध हुआ था वही अब सिद्ध हुआ ॥

यों दूसरे संबंध से भी वही भुज सिद्ध होता है

चौथा प्रकार । जब कि त्रिभुज के आ क और ग ये तीन भुज निर्दिष्ट हैं तब एक (आ) कोण का मान नीचे लिखे हुए समीकरणों में से किसी एक से जान पड़ता है ॥

जैसा ज्या आ = $\frac{२}{कग}$ = $\sqrt{स (स—अ) (स—क) (स—ग)}$ (१)

ज्या $\frac{१}{२}$ आ = $\sqrt{\frac{(स—क) (स—ग)}{कग}}$ (२)

कोज्या $\frac{१}{२}$ आ = $\sqrt{\frac{स (स—अ)}{कग}}$ (३)

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\text{स्प}\ \frac{१}{२}\ \text{आ} = \sqrt{\frac{(\text{स}-\text{क})\ (\text{स}-\text{ग})}{\text{स}\ (\text{स}-\text{क})}} \qquad (४)$$

यहां पहिले समीकरण को उपपत्ति (३६)वें प्रक्रम में देख लेना और दूसरी इत्यादि की (३७)वें प्रक्रम में देखना ॥

और जब (आ) कोण समकोण के निकट न हो तब पहिले समीकरण से उस का आनयन कर सकते हैं जिस लिये कि समकोण के आसन्न कोण को ज्या का चाप सारणी से सूक्ष्म नहीं मिलता है ॥

और जब कि (आ) कोण समकोण के आसन्न न हो तब दूसरी और तीसरी इन दो समीकरणों से हर एक का आनयन कर सकते हैं ॥

और जब (आ) कोण दो समकोण के निकट न हो तब चौथे समीकरण से उस का आनयन कर सकते हैं ॥

अब इन समीकरणों के क्रम से घातप्रलापक रूप लिखते हैं ॥

$$(१)\ \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्या आ} = १० + \text{घा}_{\text{द}}\ २ + \frac{१}{२}\Big\{\text{घा}_{\text{द}}\ \text{स} + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{अ})$$
$$+ \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{क}) + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{ग})\Big\} - (\text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग})$$

$$(२)\ \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ज्या}\ \frac{१}{२}\ \text{आ} = \frac{१}{२}\Big\{२० + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{क}) + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{ग})$$
$$- (\text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग})\Big\}$$

$$(३)\ \text{घा}_{\text{द}}\ \text{कोज्या}\ \frac{१}{२}\ \text{आ} = \frac{१}{२}\Big\{२०\ \text{घा}_{\text{द}}\ \text{स} + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{अ})$$
$$- (\text{घा}_{\text{द}}\ \text{क} + \text{घा}_{\text{द}}\ \text{ग})\Big\}$$

$$(४)\ \text{घा}_{\text{द}}\ \text{स्प}\ \frac{१}{२}\ \text{आ} = \frac{१}{२}\Big\{२० + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{क}) + \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{ग})$$
$$- \text{घा}_{\text{द}}\ \text{स} - \text{घा}_{\text{द}}\ (\text{स}-\text{अ})\Big\}$$

साजात्य से (का) औ (गा) इन दो कोणों के भी मान जान पड़ेंगे ॥

उदा० जिस त्रिभुज में अ = २५ । क = १७ और ग = २८ वहां तीन कोणों के मान क्या होंगे ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

यहां पहिले समीकरण से प्रश्नोत्तर जानने के लिये न्यास

$$स = \frac{१}{२}(२५ + १७ + २८) = ३५$$

$$\therefore \quad स - अ = १०$$

$$स - क = १८$$

$$स - ग = ७$$

और भी

$$घा_{द}\ ज्या\ आ = १० + घा_{द}\ २ + \frac{१}{२}\Big\{ घा_{द}\ स + घा_{द}\ (स - अ)$$

$$+ घा_{द}\ (स - क) + घा_{द}\ (स - ग) - (घा_{द}\ क + घा_{द}\ ग) \Big\}$$

$$= १० + .३०१०३०० + \frac{१}{२}\Big\{ १.५४४०६८० + १.०००००००$$

$$+ १.२५५२७२५$$

$$+ .८४५०९८० \Big\} - (१.२३०४४८९ + १.४४७१५८०)$$

$$= १०.३०१०३०० + २.३२२२१९३ - २.६७७६०६९$$

$$= ९.९४५६४२४ = घा_{द}\ ज्या\ (६१^{\circ}\ |\ ५५'\ |\ ३९'')$$

$$\therefore \quad आ = ६१^{\circ}\ |\ ५५'\ |\ ३९''$$

तब पहिले प्रकार से सिद्ध ऊआ का $= २६^{\circ}\ |\ ५२'\ |\ ११.६५''$

$$\therefore \quad गा = ८१^{\circ}\ |\ १२'\ |\ ९.३५''$$

॥ अभ्यास के लिये और उदाहरण ॥

	निर्दिष्ट अवयव		सिद्ध अवयव
(१)	अ = ५००	....	गा = ३६° | ४८'
	आ = ८५° | ४७'		क = ४२२.४४८१
	का = ५७° | २५'		ग = ३००.३२४७
(२)	अ = ३२७	....	आ = १३०° | १९'
	का = २६° | ८' | ५५''		क = १२९
	गा = २३° | ३२' ५''		ग = १७१.२४७३

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

निर्दिष्ट अवयव		सिद्ध अवयव
(३)	अ = ८५ क = १०० आ = ३७° । २९′	का = ४५° । ४३′ । ६ . ६″ वा = १३४° । १६′ । ५३ . ४″ गा = ९६° । ४७′ । ५३ . ४″ वा = ८° । १४′ । ६ . ६″ ग = १३८ . ६९८७ वा = २० : ०० ७३६
(४)	अ = ८५ क = २०२ आ = ११° । २५′ । १६″	का = २८° । ४′ । २१″ वा = १५१° । ५५′ । ३९″ गा = १४०° । ३०′ । २३″ वा = १६° । ३९′ । ५″ ग = २७३ वा = ११३
	अ = ८९ क = ६५ आ = ३६ । ५२′ । ११ . ६″	का = २५° । ५९′ । २१ . २५″ गा = ११७° । ८′ । २७ . १७″ ग = १३२
	क = १२५ ग = १५० आ = ३०	का = ५५° । १०′ । २″ गा = ९४° । ४९′ । ५८″ अ = ७८ . १४३
(७)	अ = १३ क = २० गा = ७५° । ′	आ = ३६° । ५२′ । १२″ का = ६७° । २२′ ४८″ ग = २१
(८)	अ = १०० क = १०१ ग = १०२	आ = ५९° । १′ । २०″ का = ५९° । ५९′ । २५″ गा = ६०° । ५८′ । १५″
(९)	अ = ३७ क = १५ ग = ४४	आ = ५३° । ७′ । ४८ . ३″ का = १८° । ५५′ । २८ . ७″ गा = १७७° । ५६′ । ४३″

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

निर्दिष्ट अवयव		सिद्ध अवयव
अ = ३४ २० २०१		आ = २०°
(१०) क = ८६६० २५४	.....	का = ६°
ग = ९८ ४८०७८		गा = १००°

(५४) अजात्य त्रिभुज के अज्ञात अवयवों को जात्य त्रिभुज के गणित से भी जान सकते हैं। केवल उस में किसी कोण से उस के सामने के भुज पर लंब गिरा के दो जात्य त्रिभुज बनाना। इतनी विशेष क्रिया करनी पड़ती है ॥

(५५) अब त्रिकोणमिति से जिस भांति वंश घर और पहाड़ इत्यादि की उंचाई और उनका औ अपना बीच जान पड़े सो प्रकार कहते हैं। इस लिये पहिले किसी समान स्थल की लंबाई तो रस्सी से वा सीधी लकड़ी से नाप लेते हैं और कोणों को तुरीय और षष्ठांश इत्यादि यंत्रों से नाप लेते हैं ॥



उदा० (१) जो किसी (अक) सीधे बांस की उंचाई जानना हो तो (अ) स्थान से समान भूमि पर एक सीधी लाठी से (अग) रेखा नाप के फिर (ग) स्थान से (क) बांस के अग्र की उंचाई तुरीय वा षष्ठांश से बेध करो तब जो (अग) लंबाई (अ) मानो और (क) की उंचाई (क°) मानो और (गगा) वेध करने वाले की आंख की उंचाई (ग) मानो ॥ तो

(प्र, ४७ वें में प्रकार २ से) आक = आगा . स्पआगाक
= अग . स्पआगाक
= अ . स्पक

∴ (अक) उंचाई = अ . स्पक + ग

इस प्रकार से उंचाई जानी जाती है ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

यों जो वस्तु दृष्टि के समसूत्र से ऊंची हो उस की गणित से सिद्ध हुई उंचाई में दृष्टि की उंचाई जोड़ देने से वास्तव उंचाई होती है। और दृष्टि के समसूत्र से जो वस्तु नीची है उस की गणित से सिद्ध हुई उंचाई में दृष्टि की उंचाई घटा देने से वास्तव होती है यह भी जानो ॥

अब जो यहां अ = २५ हाथ हो और क° = ३०। और ग = ३ $\frac{१}{२}$ हाथ हो तो आक = २५ . स्प ३०°

वा घा$_{द}$ आक = घा$_{द}$ २५ + घा$_{द}$ स्प ३०°—१०

= १ . ३९७९ ४०० + ९,७६१४३९४—१

= १ . १५९३७९४ = घा$_{द}$१४ . ४३३७६

∴ बांस की उंचाई = १४ . ४३३७६ + १७ . ९३३७६ हाथ

उदा० (२) समान भूमि पर कोई एक मंदिर है उसकी ऊंचाई (अक) और दूरी (अग) जानना है ॥

अब मानों कि (ग) स्थान से (क) अग्र को वेधने से (आ) अंश मिले और (अ) मूल से जिस दिशा में (ग) स्थान है उसी दिशा में (ग) स्थान से (घ) स्थान तक (अ) हाथ भूमि पर जाके (घ) स्थान से फिर (क) अग्र को वेधने से (का) अंश मिले ॥



अब जो उंचाई (अक) = य और दूरी (अग) = र

तो (३३वें प्रक्रम से) $\frac{\text{कग}}{\text{गघ}} = \frac{\text{ज्याकघग}}{\text{ज्यागकघ}} = \frac{\text{ज्याका}}{\text{ज्या(आ—का)}}$

$\therefore$ कग = $\frac{\text{अ . ज्याका}}{\text{ज्या(आ—का)}}$

$\therefore$ य = कग . ज्याआ = $\frac{\text{अ . ज्याआ . ज्याका}}{\text{ज्या (आ—का)}}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

और $र = कग . कोज्या आ = \frac{अ . कोज्याआ . ज्याका}{ज्या (आ—का)}$

इन दोनों के क्रम से घातप्रमापक रूप क्रम में नीचे लिखे हैं ॥

$घा_{द} य = घा_{द} अ + घा_{द} ज्याआ + घा_{द} ज्याका — घा_{द} ज्या(आ-का)$
$—१०$

$घा_{द} र = घा_{द} अ + घा_{द} कोज्याआ + घा_{द} ज्याका - घा_{द} ज्या (आ-का) - १०$

जो यहां अ = ५० । आ = ३०° । २५′ । और का = १९° । ३५′

तो उत्थापन से उंचाई का मान य = ४५ . १४३ हाथ है

और वैसा ही (ग) स्थान से दूरी र = ७६ . ८९३ हाथ है

उदा० (३) किसी (अगघ) क्रम से उतरती भूमि का समान भूमि पर झोंक (आ) अंश है और (अघ) भूमि पर (अक) घर आदि की उंचाई और दूरी जानने के लिये उसी भूमि पर खड़े होके (ग) स्थान से (क) अग्र को वेधा तो (का) उन्नतांश मिले फिर (अग) दिशाही में (ग) स्थान से (अ) हाथ भूमि पर जाके और (क) अग्र को वेधने से (गा) अंश मिले ॥



अब जो यहां उंचाई (अक) = य और दूरी (अग) = र तो

$य = \frac{कग . ज्याअगक}{ज्या (अगघ)} = \frac{कग . ज्या (का—आ)}{कोज्याआ}$

परन्तु $कग = \frac{गघ . ज्याकघग}{ज्या(गकघ)} = \frac{अ . ज्या (गा—आ)}{कोज्याआ . ज्या (का—गा)}$

$\therefore य = \frac{अ . ज्या (का—आ) . ज्या (गा—आ)}{कोज्याआ . ज्या (का—गा)}$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

ऐसा ही $र = \frac{कग \cdot ज्याअकग}{ज्याकअग} = \frac{अ \cdot ज्या\ (गा—आ) \cdot कोज्याका}{ज्या\ (का—गा) \cdot कोज्याआ}$

इन दोनों के क्रम से घातप्रमापक रूप ये हैं ।

$घा_{द}\ य = घा_{द}\ अ + घा_{द}\ ज्या\ (गा—आ) + घा_{द}\ कोज्याका$
$—घा_{द}\ कोज्याआ—घा_{द}\ ज्या\ (का—गा)$

$घा_{द}\ र = घा_{द}\ अ + घा_{द}\ ज्या\ (गा—आ) + घा_{द}\ कोज्याका$
$—घा_{द}\ ज्या\ (का—गा) — घा_{द}\ कोज्याआ$

अब जो यहां अ = ५० हाथ। आ = ३०° का = ६२°। ३०′ और गा = ५०°। १५′ तो उत्थापन से सिद्ध हुआ उंचाई का मान य = ५०.६०३

ऐसा ही (ग) दूरी का मान र = ४३.४८८

उदा० (४) समान भूमि पर एक छोटा पहाड़ है और उस की उंचाई ज्ञात है उस पर खड़ा होके भूमि पर एक निर्दिष्ट सीधे बांस के अग्र और मूल इन दोनो में हर एक के दृष्टि के समसूत्र से नीचे के अंशों को वेध करके उस बांस की उंचाई जानना है ॥



जो यहां (गघ) पहाड़ की उंचाई = अ और (घ) स्थान से (अक) बांस के मूल और अग्र को वेध करने से लब्ध हुए क्रम से नीचे की ओर (आ) और (का) और (अक) बांस की उंचाई = य ॥

तब $\frac{अघ}{गघ} = \frac{१}{ज्याघअग} = \frac{१}{ज्याआ} = \therefore\ अघ = \frac{अ}{ज्याआ}$

और भी $\frac{अक}{अघ} = \frac{ज्याअघक}{ज्याअकघ} = \frac{ज्या\ (आ—का)}{कोज्याका}$

$\therefore\ य = \frac{अ \cdot ज्या\ (आ—का)}{ज्याआ \cdot कोज्याका}$

इस में घातप्रमापक रूप देना बहुत ही सुलभ है ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

उदा० (५) समान भूमि पर एक छोटा पहाड़ है उसकी ऊंचाई जानने के लिये उस पहाड़ के शिखर पर चढ़के समान भूमि पर जिन दो पेड़ों के मूलों का अन्तर निर्दिष्ट है उनके मूलों के हर एक के नीचे की ओर के अंशों के मान और पेड़ के मूल तक जो देखने हारे के दो दृष्टि सूत्र पड़ेंगे उन दोनों के बीच का कोण जानके उस पहाड़ की ऊंचाई किस रीति से जान पड़ेगी यह प्रश्न है ॥



जैसा मानों कि (अ) औ (क) ये क दोनों क्रम से पेड़ों के मूल हैं उन का बीच अक = अ और (गघ) पहाड़ के (घ) शिखर पर चढ़के (अ) और (क) मूलों को वेध करने से मिले क्रम से दृष्टि सूत्र के नीचे की ओर के अंशों के मान (आ) औ (का) ॥

वैसाही < अवक = गा। और (गघ) पहाड़ की ऊंचाई = य।

तब अकघ त्रिभुज में अघ = य . कोछेआ और कघ = य . कोछेका

$\therefore$ अ^{२} = य^{२}. कोछे^{२}आ + य^{२}. कोछे^{२}का — २ य^{२}. कोछेआ. कोछेका कोज्यागा

$$\therefore \text{य} = \frac{\text{अ}}{\sqrt{\text{कोछे}^{२}\text{आ} + \text{कोछे}^{२}\text{का} - २\text{कोछेआ कोछेका.कोज्यागा}}}$$ ॥

उदा० (६) (अगघ) समानभमि पर बांस पेड़ इत्यादि के (क) अग

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri



पर गच रेखा के ग। घ और च स्थानों पर खड़ा होके वेध किया तो क्रम से आ। का और गा अंश मिले यों (गघ) और (घच) रेखा को नापने से (अ) और (क) हाथ मिले अब इन निर्दिष्ट अवयवों पर से (अक) बांस आदि की ऊंचाई जानना है ॥

तब मानों कि (अक) ऊंचाई = य ∴ अघ = य. कोस्य आ और अघ = य. कोस्य का ऐसा ही अच = य. कोस्यगा ॥

$$\text{और कोज्या अघग} = \frac{\text{अघ}^{२} + \text{गघ}^{२} - \text{अग}^{२}}{२\ \text{अघ} \cdot \text{गघ}}$$

$$\text{कोज्या अघच} = \frac{\text{अघ}^{२} + \text{घच}^{२} - \text{अच}^{२}}{२\ \text{अघ} \cdot \text{घच}}$$

परन्तु कोज्या अघग = — कोज्या अघच

$$\therefore \frac{\text{अघ}^{२} + \text{गघ}^{२} - \text{अग}^{२}}{२\ \text{अघ} \cdot \text{गघ}} = \frac{\text{अच}^{२} - \text{अघ}^{२} - \text{घच}^{२}}{२\ \text{अघ} \cdot \text{घच}}$$

अब यहां के पदों को पहिले सिद्ध किये हुए समीकरणों से उत्थापन करके समीकरण विधी से ऊंचाई का मान लब्ध हुआ

$$\text{य} = \sqrt{\frac{\text{अक}\ (\text{अ} + \text{क})}{\text{अ. कोस्य}^{२}\text{गा} - (\text{अ} + \text{क})\ \text{कोस्य}^{२}\text{का} + \text{क. कोस्य}^{२}\text{आ}}}$$

उदा० (७) नदी के पार एक दुर्गम स्थान में (अ) और (क) ये दो पेड़ हैं उन दोनों को मध्य भूमि जानने के लिये इस तीर पर उसी

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

के समान भूमि पर (गघ) रेखा को (अ) हाथ भूमि के समान नाप के (ग) स्थान मे (अगघ) और (कगघ) कोण को नापने मे (आ) और (का) अंश क्रम से मिले फिर (घ) स्थान से (कघग) और (अघग) कोण नाप लेने से (गा- और घा) अंश क्रम से



मिले। अब इन निर्दिष्ट अवयवों पर से (अ) और (क) इन दो पेड़ों का बीच जानना है तो (अगघ) त्रिभुज से

सिद्ध हुआ कि $\frac{\text{अघ}}{\text{गघ}} = \frac{\text{ज्याअगघ}}{\text{ज्यागअघ}}$

$$\therefore \quad \text{अ} \cdot \text{घ} = \frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ}}{\text{ज्या (आ + घा)}}$$

ऐसाही (कगघ) त्रिभुज से

सिद्ध हुआ कि $\text{कघ} = \frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्या (का + गा)}}$

यों (अघ) और (कघ) ये दो भुज और उन के बीच का कोण ये तीन अवयव ज्ञात भये अब इन पर से (अक) भुज जानना (४प्वें) प्रक्रम में लिखे हुए तीसरे प्रकार से सुलभ है ॥

$$\text{तब अक}^{२} = \text{अघ}^{२} + \text{कघ}^{२} - २\,\text{अघ} \cdot \text{कघ} \cdot \text{कोज्या अघक}$$

$$\therefore \quad \text{अक} = \sqrt{\text{अघ}^{२} + \text{कघ}^{२} - २\,\text{अघ} \cdot \text{कघ} \cdot \text{कोज्या (गा—घा)}}$$

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

उदा० (८) समान भूमि पर एक (अकग) घर है उसके (अक) और (कग) प्रदेश क्रम से (अ) औ (क) हाथ हैं। अब उस घर की दूरी जानने के लिये (घ) स्थान से (कघग) कोण नापने से (आ) अंश मिले तब कहो कि (घअ) दूरी कितनी है। यह प्रश्न है ॥



यहां य = घअ प्रदेश के हाथ हैं।

तब स्पकघग = स्प (अघग—अघक) = $\frac{\text{स्पअघग} - \text{स्पअघक}}{१ + \text{स्पअघग} \cdot \text{स्पअघक}}$

परन्तु स्पअघग = $\frac{\text{अ} + \text{क}}{\text{य}}$। और स्पअघक = $\frac{\text{अ}}{\text{य}}$

$\therefore$ उत्थापन से स्पआ = $\frac{\frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{य}} - \frac{\text{अ}}{\text{य}}}{१ + \frac{\text{अ}+\text{क}}{\text{य}} \cdot \frac{\text{अ}}{\text{य}}} = \frac{\text{कय}}{\text{य}^{२} + \text{अ}(\text{अ}+\text{क})}$

इस समीकरण से सिद्ध हुआ कि

$$\text{य} = \frac{\text{क} \pm \sqrt{\text{क}^{२} - ४\,\text{अ}(\text{अ}+\text{क})\,\text{स्प}^{२}\,\text{आ}}}{२\,\text{स्पआ}}$$

यहां (स्पआ) का मान जैसा २ $\frac{\text{क}}{२\sqrt{\text{अ}(\text{अ}+\text{क})}}$ इस से न्यून वा समान वा अधिक हो वैसा २ (य) का मान क्रम से दो प्रकार वा एक प्रकार का वा असंभाव्य होगा ॥

वह एक प्रकार का मान तो $\sqrt{\text{अ}(\text{अ}+\text{क})}$ यह है इस प्रश्न का उत्तर क्षेत्रमिती की रीति से भी झट पट जान पड़ता है। सो ऐसा

(कग) रेखा पर एक ऐसा वृत्तखंड करना कि जिस में उस रेखा पर उस खंड के परिधी से लगा हुआ कोण (आ) अंश के समान हो और (अ) स्थान पर लंब करना तब उस लंब से वह वृत्तखंड कटे वा

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

लगे वा न लगे वैसा २ (अव) मान क्रम से दो प्रकार वा एक प्रकार का वा असंभाव्य होगा यह स्पष्ट जान पड़ता है ॥

और जब लंब मे वृत्तखंड का स्पर्श हो तब एक प्रकार का (अक) दूरी का मान यह है $\sqrt{\text{अ (अ + क)}}$ यह क्षेत्रमिती के तीसरे अध्याय की छत्तीसवीं प्रतिज्ञा से स्पष्ट होता है ॥

॥ अभ्यास के लिये और उदाहरण ॥

(१) जिस आयत क्षेत्र की कोटि ५० (अ) हाथ है उस की कोटि के एक अन्त पर ठहरके सामने के कोटिओं के अन्तों के बीच का कोण वेधने से ३०० (आ) अंश लब्ध हुए तो उस आयत में भुज का मान क्या होगा। भुज $= \frac{\text{अ}}{\text{स्पआ}} = ५० \sqrt{३} = ८६.६०२५४$ उत्तर ॥

(२) पूर्व पश्चिम आयतरूप भीत की दृष्टिमूल से ऊंचाई १५ (अ) हाथ है और उस भीत की दहनी ओर ३५ (क) हाथ दूर पर ठरहके ध्रुव नक्षत्र को देखा तब वह भीत के ऊपर के अन्त में लगा हुआ देख पड़ा तब वहां ध्रुव नक्षत्र की ऊंचाई कितनी होगी ॥

ध्रुव की ऊंचाई $= \overset{*}{\text{स्प}}^{-1} \frac{\text{अ}}{\text{क}} = २३^\circ\ १११'\ १५५''$ उत्तर ॥

(३) किसी एक वंशादि की ऊंचाई जानने के लिये कोई गणक २०० (अ) हाथ सरल भूमि नापके फिर उस भूमि के एक अग्र से दूसरे अग्र और वंशादि के बीच का कोण ५०°। १२' (आ) अंश के समान वेध के फिर उस भूमि के दूसरे अग्र से पहिला अग्र और वंशादि के बीच का कोण ४०°। २५' (का) अंश वेधा और वंशादि की ऊंचाई ५७°। ४०' (गा) अंश के समान वेधा तो कहो उस वंशादि की ऊंचाई क्या होगी। यह प्रश्न है ॥

---

* जितने कोण वा चाप की स्पर्श रेखा $\frac{\text{अ}}{\text{क}}$ हो उस का द्योतक $\overset{-१}{\text{स्प}}$ यों $\frac{\text{अ}}{\text{क}}$ यह हो। $\overset{-१}{\text{ज्या}} \frac{\text{अ}}{\text{क}}$। $\overset{-१}{\text{कोज्या}} \frac{\text{अ}}{\text{क}}$ इत्यादि ज्या आदिओं के कोण वा चाप जताते हैं ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

वंशादि की ऊंचाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ} \cdot \text{ज्यागा}}{\text{ज्या (आ + का)}}$ = १२९ . ८४ हाथ है ॥

(४) एक दुस्तर नदी के पार कोई घर है उस की दूस पार मे दूरी जानने के लिये दूस पार १०० (अ) हाथ तिरछी भूमि नापके फिर उस भूमि के हर एक अग्र से दूसरा अग्र और घर इन के दोनों के बीच का कोण नापने से मिले क्रम से कोणों के मान ४०° । २५′ (आ) । ३०° । ४८′ (का) तो उस भूमि के हर एक अग्र से वह घर कितने २ दूर पर है ॥

पहिले अग्र से दूर = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्या (आ + का)}}$ = ६२ . ६१०१ हाथ है ॥

दूसरे अग्र से दूर = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ}}{\text{ज्या (आ + का)}}$ = ६६ . २२ ८८२ हाथ है

(५) किसी दुस्तर नदी के पाट की चौड़ाई जानने के लिये दूस पार ६० (अ) हाथ तिरछी भूमि नापके उस के हर एक अग्र मे दूसरा अग्र और उस पार कोई पत्थर आदि ही उन के बीच के दो कोण नापने से क्रम से ४२° । १७′ (आ) और ५२° । ३५′ (का) कोणों के मान मिले तो उस नदी की चौड़ाई क्या होगी ॥

नदी की चौढ़ाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्या (आ + का)}}$ = ३२ . १७७६८ हाथ है

(६) काशी में गंगा जी में कोई एक बड़ी नाव है उस के सामने के तीर पर ४० (अ) हाथ ऊंचा घर है किसी ने उस घर के सब से नीचे के खंड में खड़ा होकर समसूत्र से नाव के अधरांश नापा सो ४०° । १५′ (आ) और इसी प्रकार से उस घर के ऊपर के खंड में खड़ा होकर अधरांश नापा सो २५° । ३०° (का) हुए तो उस घर का तल गंगा पाट के जलपृष्ठ के समसूत्र से कितनी ऊंचाई पर है और उसकी ऊंचाई के स्थान के मूल से वह नाव कितने दूर पर है ॥

ऊंचाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{कोज्याआ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्या (आ—का)}}$ = ५१ . ६२२५६ हाथ है ॥

दूर = $\frac{\text{अ} \cdot \text{कोज्याआ} \cdot \text{कोज्याका}}{\text{ज्या (आ—का)}}$ = १०८ . २२८९

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

(७) किसी पहाड़ के शिखर पर ५० (अ) हाथ ऊंचा देवालय है उसके अग्र और मूल को उस पहाड़ की समीप भूमि पर खड़े रहके वेध किया सो क्रम से ५१° । ४०′ (आ) और ५०° १५′ (का) उन्नतांश मिले तब पहाड़की ऊंचाई क्या होगी सो कहो ॥

$$\text{ऊंचाई} = \frac{\text{अ} \cdot \text{कोज्याआ} \cdot \text{ज्याका}}{\text{ज्या (आ—का)}} = ९६४ \cdot ४१२४ \text{ हाथ है ॥}$$

(८) किसी एक बड़े तलाव के दक्षिण और उत्तर की ओर दो देवालय हैं, उन दोनों का बीच जानने के लिये उस तलाव की पूर्व की ओर ऐसा बांस गाड़ दिया कि जिस में वह दक्षिण देवालय से २० (अ) हाथ बीच पर हो और उत्तर देवालय से ८० (क) हाथ बीच पर हो । फिर दक्षिण देवालय से बांस और उत्तर देवालय के बीच का कोण नापा तो २१° । १७′ (का) मिले तब यह प्रश्न है कि उन दो देवालयों का बीच क्या होगा ॥

$$\text{बीच} = \text{अ} \cdot \text{कोज्याका} \pm \sqrt{\text{क}^2 - \text{अ}^2 \text{ज्या}^2 \text{क}}$$

$$= २१९ \cdot ९७२ \text{ वा } १५२ \cdot ७५ \text{ हाथ है ॥}$$

(९) किसी स्थान पर भूमि के दो प्रदेश समुद्र में आगे बढ़े हुए थे उन पर दो पेड़ थे उन का बीच जानने के लिये किसी स्थान से हर एक पेड़ तक बीच नापने से क्रम से १५० (अ) और २०० (क) हाथ हुए । फिर उसी स्थान से उन दो पेड़ों के बीच का कोण नाप लिया ५०° । २७′ (गा) मिले तो उन दो पेड़ों का बीच क्या होगा ॥

$$\text{बीच} = \sqrt{\text{अ}^2 + \text{क}^2 - २\text{अक} \cdot \text{कोज्यागा}} = १५५ \cdot ८७ \text{ हाथ है ॥}$$

(१०) किसी पहाड़ के शिखर पर पत्थर का खंभा है उस की ऊंचाई जानने के लिये उस पहाड़ की समीप भूमि पर खड़े रहके खंभे की ऊंचाई वेधने से ३१° । २०′ (आ) मिले फिर खंभे की दिशाही में आगे समान भूमि पर १५० (अ) हाथ जाके खंभे के मूल और अग्र की ऊंचाई वेधने से क्रम से ४५° । ४२′ (का) और ३५° । ३३′ (गा) अंश मिले तो खंभे की और पहाड़ की ऊंचाई क्या होगी ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

खंभे की ऊंचाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ} \cdot \text{ज्या (का—गा)}}{\text{कोज्यागा} \cdot \text{ज्या (का—आ)}}$ = ६८ . ०९१ हाथ है ॥

पहाड़ की ऊंचाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्याआ} \cdot \text{कोज्याका} \cdot \text{ज्यागा}}{\text{कोज्यागा} \cdot \text{ज्या (का—आ)}}$ = १५६.८१८४ हाथ है॥

(११) किसी क्रम से उतरती ऊई भूमि का समान भूमि से झोंक ३९° । १५′ (आ) अंश है और जिस का मूल दुस्तर नदी के तीर पर है और उस के पार तीर पर एक देवालय है उसकी ऊंचाई जानने के लिये उस देवालय के सामने की ओर ही उस क्रम से उतरती ऊई भूमि के ऊपर की ओर नापने वाले ने ठहर करके देवालय के शिखर को वेधा तो ११° ३०′ (का) अंश मिले। फिर उसने देवालय के सामने की ओर ही उस क्रम से उतरती ऊई भूमि २०० (अ) हाथ उतर के उस भूमि के मूल पर से फिर उस देवालय के शिखर को वेधा सो उन्नतांश २९° । २०′ (गा) मिले तो नदी की चौड़ाई और देवालय की ऊंचाई कितनी होगी ॥

नदी की चौड़ाई = $\frac{\text{अ} \cdot \text{ज्या (आ—का)} \cdot \text{कोज्यागा}}{\text{ज्या (का + गा)}}$ = १२४ . १६

देवालय की ऊंचाई = $\frac{\text{आ} \cdot \text{(अज्या—का)} \cdot \text{ज्यागा}}{\text{ज्या (आ + गा)}}$ = ६९ . ७७

(१२) किसी भूमि पर बत्तिस (अ) हाथ ऊंचा बांस है जिस के मूल की चारों ओर सब दिशाओं में झुकाव है और उस का समान भूमि पर बोम (आ) अंश झुकाव है फिर वह बांस वायु के वेग से टूटा तब उस का अग्र उस उतरती ऊई भूमि में सोलह (अ) हाथ पर लगा तो वह बांस मूल से कितने हाथ पर टूटा यह प्रश्न है ॥

$\frac{\text{अ}^{२} - \text{क}^{२}}{२ (\text{अ} + \text{क} \cdot \text{ज्याआ})}$ = १० . २४७६ हाथ पर लगा यह उत्तर है ॥

(१३) एक पहाड़ के शिखर पर १२० (आ) हाथ का खंभा है उस पहाड़ पर ठहर के किसी पुरुष ने खंभे का मूल और अग्र इन के बीच का कोण नाप लिया तो लब्ध ऊए अंश ९° । ४०′ (आ) फिर खंभे की ओर ही २०० (क) हाथ समान भूमि पर जाके फिर खंभे का मूल और

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

पहाड़ की ऊंचाई = $\frac{१}{२}\sqrt{\left(\frac{अ}{ज्याआ}\right)^{२} - क^{२}}$ -अ) = २८३.०४३४६५५ हाथ है ॥

(१४) सौ (अ) हाथ ऊंचा एक राजमंदिर है उस पर से किसी समान भूमि पर दुर्गम स्थान में दो पेड़ देख पड़ते थे उन का बीच जानने के लिये किसी गणक ने उस मंदिर पर से उन के मूल के अधरांश २° । ५६′ (आ) और ३° । ११′ (का) जानके उन्हीं दोनों के बीच का कोण नापा सो ९° । ४१′ (गा) अंश हुआ तो कहो उन दो पेड़ों का बीच क्या होगा यह प्रश्न है ॥

बीच = अ $\sqrt{कोछे^{२}आ + कोछे^{२}का - २ कोछेआ \cdot कोछेका \cdot कोज्यागा}$
= ३५४. ३४९

(१५) एक भींत पूर्व पश्चिम लम्बी और दूसरी दक्षिणोत्तर लंम्बी दोनों बारह (अ) हाथ ऊंची थीं। वहां जब पहिली भींत के उत्तर भाग में छाया चार (अ) हाथ चौड़ी हो और दूसरी भींत के पश्चिम भाग में छाया तीन (ग) हाथ चौड़ी हो तो सूर्य के उन्नतांश और दिगंश कितने होंगे यह प्रश्न है ॥

उन्नतांश = $स्य^{-१}\frac{अ}{\sqrt{क^{२} + ग^{२}}}$ = ६७° । २२′ । ४८″

पूर्व कपाल में उत्तर दिगंश } = $ज्या^{-१}\frac{क}{\sqrt{क^{२} + ग^{२}}}$ = ५३° । ७′ । ४८″

(१६) एक पूर्व पश्चिम लम्बी बारह (अ) हाथ ऊंची भींत है उस के पश्चिम अन्त में पूर्व चिन्ह से ६७° । ३०′ (आ) अंश पर उत्तर भाग में गई हुई दूसरी भींत है वह भी बारह हाथ ऊंची है जब उन दोनों की छाया बाहर की ओर इस प्रकार से पड़ती हैं कि जिस में पहिली की तीन (क) हाथ चौड़ी और दूसरी की चार (ग) हाथ चौड़ी हो तो सूर्य के उन्नतांश और दिगंश क्या होंगे यह प्रश्न है ॥

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

$$\text{उन्नतांश} = \text{स्प}^{-1} \frac{\text{अ. ज्याआ}}{\sqrt{\text{क}^2 + \text{ग}^2 + 2\text{कग. कोज्याआ}}} = ६२^\circ\,११'\,३९''$$

$$\left.\begin{array}{l}\text{पूर्व कपाल में उत्तर दिगंश}\end{array}\right\} = \text{ज्या}^{-1} \frac{\text{क. ज्याआ}}{\sqrt{\text{क}^2 + \text{ग}^2 + 2\text{कग. कोज्या}}} = २८^\circ\,१७'\,५१''$$

(१७) कोई नापने हारा कोणमापक यंत्र के बिनाही केवल सीधी लकड़ी ही से दुर्गम नदी का पाट जानने के लिये इस पार (कग) समान भूमि १७५ एक सौ पचहत्तर हाथ नापके उस पार (क) स्थान मे (अ) चिन्ह जिस दिशा में हो उस की बिरुद्ध दिशा में (कघ) भूमि साठ हाथ नापके (गच) भूमि को नाप लिया तो २१४ हाथ लब्ध हुए फिर (ग) स्थान से जिस दिशा में (अ) चिन्ह हो उस को विरुद्ध दिशा में (गच) भूमि ९० हाथ नापके (कच) भूमि नाप लिई तो २१५ हाथ लब्ध हुए तो नदी के पाट का मान कितना होगा ॥

पाट का मान = २००.८६२८ हाथ है ॥

(१८) (अ) हाथ समान भूमि नापके उस के दोनों अन्त पर ठहरके एक बांस के अग्र को वेधने से समान ही (आ) अंश लब्ध हुए और उस भूमि के बीच में ठहरके अग्र को वेधने से (का) अंश लब्ध हुए तो उस बांस की ऊंचाई कितनी होगी और उस भूमि का मध्य और बांस का बीच कितना होगा यह प्रश्न है ॥

$$\text{ऊंचाई} = \frac{\text{अ. ज्याआ. ज्याका}}{२\sqrt{\text{ज्या (आ + का) ज्या (आ — का)}}}$$

$$\text{दूरी} = \frac{\text{अ. ज्याआ. कोज्याका}}{२\sqrt{\text{ज्या (का + आ) ज्या (का — आ)}}}$$

(१९) (अ), (क) औ (ग) इन तीन स्थानों में (अ) स्थान से (क) स्थान पूर्व में है और (ग) स्थान पूर्व चिन्ह से दक्षिण कीओर (आ) अंश दूर पर है और (क), (ग) इन दो स्थानों का बीच (अ) हाथ है किन्तु वह स्थान दुर्गम है इस लिये कोई मनुष्य (क) स्थान से (अ) स्थान

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

CC-0. In Public Domain. Funding by IKS-MoE

Digitized by eGangotri

Digitized by Digital Library Funding by KS-MoE